संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 232 मंगलवार 24 जून 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### अब 30 जून 2025 से शुरु होगी पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा



**नई दिल्ली/पिथौरागढ़,23 जून 2025(ए)।** पांच साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होने जा रही है। साल 2020 में कोविड महामारी के कारण यह यात्रा बंद कर दी गई थी, लेकिन अब 30 जून 2025 से यह धार्मिक यात्रा दोबारा शुरू की जाएगी। यह यात्रा अगस्त 2025 तक चलेगी और हर साल की तरह इस बार भी उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के लिपुलेख पास से होगी।

### पंजाब उपचुनाव में लुधियाना वेस्ट से आप के संजीव अरोड़ा की जीत



#### खाली सीट से राज्यसभा जा सकते हैं अरविंद केजरीवाल

**लुधियाना,23 जून 2025(ए)।** पंजाब में लुधियाना की वेस्ट विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज कर ली है।आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने कांग्रेस के भारत भूषण आशु को 10637 वोटों से हराया। वहीं, तीसरे नंबर पर बीजेपी के जीवन गुप्ता और चौथे नंबर पर शिरोमणि अकाली दल के उपकार सिंह घुम्मन रहे। ये काउंटिंग खालसा कॉलेज फॉर विमेन के ऑडिटोरियम में हुई। सबसे पहले पोस्टल बैलेट गिने गए। इसके बाद ईव्हीएम से वोटों की गिनती हुई।

### इंडिगो के फ्लाइट कैप्टन समेत 3 अधिकारियों पर एससी/एसटी एक्ट में केस दर्ज




**नई दिल्ली,23 जून 2025(ए)।** इंडिगो एयरलाइंस के फ्लाइट कैप्टन समेत तीन अधिकारियों के खिलाफ अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामला एक आदिवासी समुदाय के ट्रेनी पायलट द्वारा दर्ज कराया गया है, जिन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें भरी मीटिंग में जातिसूचक शब्द कहे गए और अपमानित किया गया।

### अनुपमा सीरियल के सेट पर लगी भीषण आग



**मुंबई,23 जून 2025(ए)।** गोरेगांव फिल्म सिटी में सोमवार सुबह लोकप्रिय टीवी सीरियल अनुपमा के सेट पर भीषण आग लग गई। यह घटना सुबह 6:10 बजे हुई, जब सेट पर अचानक लपटें उठने लगीं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मुंबई फायर ब्रिगेड ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चार दमकल गाड़ियां, चार जंबो टैंकर, एक सहायक प्रभागीय अग्निशमन अधिकारी और तीन स्टेशन अधिकारियों को घटनास्थल पर भेजा। आग पर काबू पा लिया गया है और स्थिति सामान्य है।

# 4 राज्यों के 5 विधानसभा उपचुनाव के परिणाम घोषित

## गुजरात के विसावदर,पंजाब के लुधियाना में आप जीती,बंगाल में काउंटिंग के दौरान ब्लास्ट,बच्ची की मौत...

**नई दिल्ली,23 जून 2025(ए)।** चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर आप के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे।

केरल में यूडीएफ उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने सीपीआईएम के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट आप के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे।

पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर टीएमसी प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी।




वहीं, कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बच्ची की मौत पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा- पुलिस दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

### केजरीवाल बोले...मैं राज्यसभा नहीं जा रहा

लुधियाना से संजीव अरोड़ा के चुनाव जीतने पर वे राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। उनकी खाली हुई राज्यसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा जाने की अटकलें हैं। हालांकि, अरोड़ा के चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि पार्टी की ओर से राज्यसभा में किसे भेजा जाना है यह फैसला आप की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी लेगी, मैं राज्यसभा नहीं जा रहा हूं।

### उपचुनाव वाले राज्यों में वर्तमान सरकार की स्थिति

**गुजरातः** यहां भाजपा की सरकार है। भूपेंद्र पटेल सीएम हैं। कुल विधानसभा सीटें 182 हैं। भाजपा के पास 161 विधायक हैं, कांग्रेस के पास 12 औरआप के पास चार हैं। जबकि एक सीट समाजवादी पार्टी और दो निर्दलीय के पास है।

**पश्चिम बंगालः** राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सरकार है। ममता बनर्जी सीएम हैं। कुल विधानसभा की 294 सीटें हैं। टीएमसी के पास 215 विधायक हैं। भाजपा के पास 77 सीटें हैं। कांग्रेस का कोई भी विधायक नहीं है।

**पंजाबः** यहां आम आदमी पार्टी की सरकार है। भगवंत मान सीएम हैं। कुल विधानसभा सीटें 117 हैं। आप के पास 91 सीटें हैं। कांग्रेस के पास 18 सीट, शिरोमणि अकाली दल के पास 3 सीट, बीएसपी के पास 1 और बीजेपी के पास 2 सीटे हैं। एक विधायक निर्दलीय है।

**केरलः** यहां लेफ्ट डेमोक्रेटिक फंट की सरकार है। पिनाराई विजयन सीएम हैं। कुल विधानसभा सीटें 140 हैं। एलडीएफ के पास 98 सीटें हैं। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के पास 41 सीटें हैं।

# विमानों में मिल रहीं है कमियां...



**हवाई सुरक्षा पर संसदीय समिति ने इन अधिकारियों को किया तलब...**

**नई दिल्ली,23 जून 2025(ए)।** परिवहन पर संसद की समिति की बैठक जुलाई के पहले हफ्ते में होने संभावना जताई जा रही है। माना जा रहा है कि इस बैठक में नागरिक विमानन की सुरक्षा और विमान के रखरखाव संबंधी चिंताओं पर भी चर्चा हो सकती है।

दरअसल, इस बैठक के दौरान सरकारी अधिकारियों, एयरलाइन प्रतिनिधियों और बोइंग के अधिकारियों को बुलाया गया है। वहीं, माना जा रहा है कि उनको इस बैठक के दौरान कठिन सवालों का सामना करना पड़ सकता है।

### विमानों का रखरखाव बन गया चिंता का विषय

बता दें कि एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि विमानन क्षेत्र में कई खामियां हैं, जिनमें विमानों का रख रखाव अब एक बड़ी चिंता विषय बन गया है। इस बैठक के दौरान समिति लगातार होने वाली हेलिकॉप्टर दुर्घटनाओं पर भी विचार किए जाने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, चर्चा के विषयों में नागरिक विमानन महानिदेशक या डीजीसीए की भूमिका, विमान रखरखाव कार्यक्रम और पायलटों की मानसिक फिटनेस शामिल होंगे।

### संसद सत्र में पेश की जाएगी समिति की रिपोर्ट

माना जा रहा है कि समिति की रिपोर्ट संभवतः संसद के अगले सत्र में पेश की जाएगी। बताया जा रहा है कि इस बैठक से पहले समिति एक परामर्श बैठक का आयोजन करेगी। ये बैठक गंगटोक में आयोजित की जा सकती है। इस दौरान पूर्वोत्तर राज्यों के लिए हवाई और सड़क सम्पर्क की समीक्षा की जाएगी। साथ ही पर्यटन के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बताया यह भी जा रहा है कि समिति के सदस्य एअर इंडिया में यात्रा करेंगे। इसका उद्देश्य है कि एयरलाइन और उसके विमानों तथा कर्मचारियों का प्रत्यक्ष मूल्यांकन किया जा सके।

### आसाराम बापू के बाद उसके बेटे नारायण साईं को भी जमानत मिली,पिता से मिल सकेगा



**अहमदाबाद,23 जून 2025(ए)।** रेप के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम बापू के बेटे नारायण साईं को भी अंतरिम जमानत मिल गई है। उसे गुजरात हाई कोर्ट ने मानवीय आधार पर अपने पिता आसाराम बापू से मिलने के लिए 5 दिन की अस्थायी जमानत दी है। आसाराम जो खुद राजस्थान में एक रेप के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है, वर्तमान में चिकित्सा आधार पर 30 जून तक अस्थायी जमानत पर है।

### कालीगंज सीट पर वोटों की गिनती के दौरान बंगाल में बम धमाका,एक लड़की की मौत



#### टीएमसी पर आरोप

**कोलकाता,23 जून 2025(ए)।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में आज कालीगंज सीट पर हुए उपचुनाव के लिए वोटों की गिनती के दौरान एक देसी बम फटने से नौ साल की एक लड़की की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि राज्य की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पार्टी की जीत का जश्न मना रहे तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक सीपीएम समर्थक के घर पर देसी बम फेंक दिए, जिसके विफोट में 9 साल की बच्ची तमन्ना खातून गंभीर रूप से घायल हो गई।पुलिस प्रमुख के अमरनाथ इस बात की पुष्टि नहीं कर पाए कि इस दुखद घटना का कोई राजनीतिक संबंध है या नहीं।

### पहलगाम हमले में आतंकियों की मदद करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**पहलगाम,23 जून 2025(ए)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हिंदू पर्यटकों पर हुए हमले के मामले में एनआईए को बड़ी कामयाबी मिली है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने रविवार दो कश्मीरियों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने आतंकियों को पनाह दी और हमले से पहले उनकी मदद की थी। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान पहलगाम के बटकोट में रहने वाले परवेज अहमद जोथर और हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर के रूप में हुई है।

### पति को छोड़ भतीजे से रचाई शादी

#### चाची का कारनामा देख ग्रामीण हैरान

**पटना,23 जून 2025(ए)।** यहां तक कि पति के साथ अंतरंग क्षण बिताते समय भी उसका मन अपने भतीजे की ओर भटक जाता था। मेरा मन इस दुनिया में कुछ भी नहीं संभाल सकता। जब भी मैं अपने भतीजे का स्पर्श महसूस करती हूं तो मेरी दिल धड़क उठता है। मेरे दिल में शादी करने की इच्छा थी। अंततः वह सपना साकार हुआ। चाची ने अपने पति के भतीजे से शादी कर ली। शादी के बाद उसे कोई पछतावा नहीं है। वह रिश्ते के परिणाम से बहुत खुश हैं।



अखिल भारतीय मीडिया सूत्रों के अनुसार, यह घटना बिहार के जमुई में घटी। ज्ञात हो कि आयुषी कुमारी नामक युवती को शादी के बाद अपने पति के भतीजे से प्यार हो गया। पिछले दो वर्षों से वे एक दूसरे से गुप्त रूप से प्रेम करते रहे थे। जैसे ही यह खबर परिवार को पता चलती है, परेशानी शुरू हो जाती है। उसने परिवार छोड़ दिया और अपने पति को तलाक दे दिया। फिर चाची का अपने भतीजे के साथ प्रेम-प्रसंग समाप्त हो गया। आयुषी पहले ही स्वीकार कर चुकी है कि वह अपने भतीजे से प्यार करती है।



### स्कूल टीचर ने नाबालिग छात्र को बनाया हवस का शिकार,गिरफ्तार

**गुरुग्राम,23 जून 2025(ए)।** शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल की 35 वर्षीय शादीशुदा टीचर ने अपने ही 12वीं कक्षा के नाबालिग छात्र को प्रलोभन और दबाव में लेते हुए होटल और घर पर यौन शोषण का शिकार बनाया। इस चौंकाने वाले मामले में धारूहेड़ा थाना पुलिस ने आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया है। पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज होने के बाद अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# चर्च में बम फटने से 22 की मौत

**दमिश्क,23 जून 2025(ए)।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में चर्च में प्रार्थना के दौरान आत्मघाती हमला हुआ है। इस हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई जबकि 63 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह घटना उस समय हुई जब एक हमलावर ने लोगों से भरे मार एलियास चर्च में प्रार्थना के दौरान खुद को उड़ा लिया स्थानीय मीडिया



रिपोर्ट्स के अनुसार दमिश्क के बाहरी इलाके में स्थित द्वेइला में हुए इस विस्फोट ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। हताहतों में बच्चे भी शामिल हैं। यह हमला ऐसे क्षेत्र में हुआ है जिसे सीरियाई शासन का सबसे सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है। हालाँकि अभी तक किसी भी संगठन ने इस आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है जिससे इसके पीछे के इरादों पर सवाल उठ रहे हैं।



### दर्दनाक हादसे में बच्चे का सिर धड़ से अलग हुआ

**हाथरस,23 जून 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में बेहद खौफनाक एक्सीडेंट हुआ है, जिसमें 11 साल के एक बच्चे का सिर धड़ से अलग हो गया। दरअसल, बच्चा बस में बैठ हुआ था उसने अपना सिर खिड़की से बाहर निकाल रखा था। तभी बगल से गुजरी पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से उसका सिर कट गया। हादसा इतना खतरनाक था कि बच्चे का धड़ बस में ही रह गया और सिर जमीन पर जा गिरा। जिसने भी मंजर देखा उसकी रूह कांप गई।

### पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ हिट एंड रन का मामला दर्ज



**हैदराबाद,23 जून 2025(ए)।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ हिट एंड रन का मामला दर्ज किया गया है। यह घटना 18 जून को गुंटूर के दौरे के दौरान हुई। इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) एस सतीश कुमार ने रविवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस की।उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के काफिले की एक कार ने 53 वर्षीय एक व्यक्ति को कुचल दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उस व्यक्ति का नाम चिले सिंघैया है।

## संपादकीय

# रैंकिंग में पश्चिम बंगाल पिछड़ा

भारत के बड़े राज्यों के लिए जारी वर्ष 2025 की नई रैंकिंग में महाराष्ट्र का पहले स्थान और पश्चिम बंगाल का 13वें स्थान पर रहना बहुत अखरने वाली बात नहीं है। चिंता की बात यह है कि पश्चिम बंगाल में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव हैं। रैंकिंग में पिछड़ना राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी की छवि खराब कर सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केअरएज के अनुसार बड़े राज्यों में महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा जबकि गुजरात को दूसरा, कर्नाटक को तीसरा,तेलंगाना को चौथा और तमिलनाडु को पांचवां स्थान मिला। एजेंसी रैंकिंग का निर्धारण सात प्रमुखबिंदुओं के आधार पर करती है। इनमें आर्थिक, राजकोषीय,बुनियादी ढांचा,वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण के पहलुओं पर राज्यों के कामकाज को परखा जाता है। केअरएज के अनुसार राज्यों की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र 56.5 अंकों के समग्र सूचकांक के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि पश्चिम बंगाल कुल 17 बड़े राज्यों में 38.9 अंक के साथ 13वें स्थान पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिहार 34.8 के समग्र सूचकांक के साथ 17वें स्थान पर रहा जो झारखंड और मध्य प्रदेश से थोड़ा पीछे है।रिपोर्ट के मुताबिक,दक्षिणी राज्यों कर्नाटक,तेलंगाना और तमिलनाडु ने आर्थिक,वित्तीय विकास,पर्यावरण और शासन मापदंडों पर अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं छोटे, पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों से गोवा वित्तीय विकास,बुनियादी ढांचे,सामाजिक,आर्थिक एवं राजकोषीय मापदंडों में अच्छे अंक के साथ सबसे आगे रहा। बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर पश्चिम बंगाल बड़े राज्यों की श्रेणी में आठवें स्थान पर रहा जबकि पंजाब शीर्ष पर और उसके बाद हरियाणा और तेलंगाना रहे।यह रैंकिंग राज्यों के स्तर पर कुछ राज्यों को आगे दिखाती है तो कई सवाल खड़े भी करती है। इसमें गोवा जैसे छोटे,पहाड़ी और पूर्वोत्तर के राज्यों तक का जिक्र है लेकिन बड़े राज्यों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और दिल्ली, उड़ीसा, छत्तीसगढ़,और आंध्र प्रदेश व केरल का कोई खास जिक्र नहीं है। क्या इन राज्यों में महत्त्व के काम नहीं हो रहे।क्या कारण है कि इन सभी राज्यों के काम रेटिंग एजेंसियों की नजर में नहीं आ पा रहे। हाल के वर्षो में रेटिंग एजेंसियों और सव्रे एजेंसियों की बाढ़ सी आ गई है। पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों को जबरदस्त कार्य करके दिखाने की जरूरत है।

# युद्ध नहीं शांति की ओर जाएं



संजय गोस्वामी
मुंबई,महाराष्ट्र

ईरान और इजराइल की टकराव की आग में अब अमेरिका भी खुलकर कूद चुका है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों-फोर्डो,नतांज और इस्फहान पर इतिहास का सबसे सफल सैन्य हमला किया नॉर्थ्रॉप बी-2 स्पिरिट, जिसे स्टील्थ बॉम्बर के नाम से भी जाना जाता है। एक अमेरिकी भारी रणनीतिक बमवर्षक है,जिसमें कम-अवलोकनीय स्टील्थ तकनीक है जिसे घने विमान-रोधी सुरक्षा को भेदने के लिए डिज़ाइन किया गया है। दो लोगों के चालक दल के साथ एक सबसोनिक फ़्लाइंग विंग, विमान को नॉर्थ्रॉप (बाद में नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन) ने प्रमुख ठेकेदार के रूप में डिज़ाइन किया था, जिसमें बोइंग, ह्यूजेस और वॉट प्रमुख उपठेकेदार थे, और इसका उत्पादन 1988 से 2000 तक किया गया था। बमवर्षक पारंपरिक और थर्मोन्यूक्लियर हथियार गिरा सकता है। जैसे कि अस्सी 500-पाउंड वर्ग (230 किग्रा) एमके 82 जेडीएएम जीपीएस-निर्देशित बम,या सोलह 2,400-पाउंड (1,100 किग्रा) बी-2 स्पिरिट2016 में प्रशांत महासागर के ऊपर उड़ान भरता हुआ पाया गया यह बहुत ही खतरनाक बम हैं जो कंक्रीट को चिरता हुआ 200 फिट नीचे जाता है और सब तबाह कर देता है और 6 बम बर्षक बम से तो प्लांट के अंदर में कुछ भी नहीं बजेगा उसमें उस परमाणु प्लांट के अंदर काम करने वाले लोग भी मारे गए होंगे क्योंकि यह दुनिया का ऐसा बम है धरती के अंदर बहुत तेजी से जाता है और जीपीएस व लेजेस से लैस है। अतः ये लक्ष्य को जीपीएस सिस्टम पता लगाता और जोरदार धमाका करता है। अतः ईरान के तीनो परमाणु स्थल नस्ट हुए हैं। बेपन ग्रेड को वहाँ से उससे पहले निकाल लेना इतना आसान नहीं है यदि शिफ्ट ही कर दिया तो फिर कौन से प्लांट में ले जाया गया होगा वो भी तो कहीं गया ले गया होगा यह बिल्कुल वही सामग्री है और कितने समय में वेपन बनेगा यह सब खबर ठीक नहीं लग रहा है। जहाँ तक खबरों ऐ दिखया जा रहा जो जानकारी के अभाव मे हैं रेडिशन लीक होने का कारण यह है की यह जमीन के बहुत अंदर था और बमवर्षक बी-2 बम एक नहीं 6 नम गिते अतः एक के एक मिट्टी के अंदर ही दब गए होंगे खैर अमेरिका को इसमें कूदना नहीं चाहिए क़ोई कुछ भी बना रहा है तो उसमें उसकी टेक्नोलॉजी लगी है। इससे उस देश द्वद्व अमेरिका के प्रति नफरत होगा। ये ईरान व इजराइल की लड़ाई थी लेकिन जब इजराइल मे ईरान के तरफ दागी गई मिशायल से इजराइल को जो झटका लगा है वो भी ईरान की ताकत है जो मिशायाल टेक्नोलॉजी में काफी प्रगति की भारत को दोनों देश को शांति बनाये रखने का प्रयास करना चाहिए। युद्ध हमेशा नुकसान ही होता है। इजराइल में ईरान की मिसायल इस कदर कोहराम मचा है टेलीवीजन प्रर मीडिया द्वद्व इजराइल की छवि खराब हो रही है। लोगों मे डर का माहोल पैदा हो गए हैं। आखिर कब तक बामशेल्टर मे रहेंगे कार्टर प्रशासन के दौरान उन्नत प्रौद्योगिकी बॉम्बर परियोजना के तहत विकास शुरू हुआ,जिसने मैक 2-सक्षम बी-1 बॉम्बर को आंशिक रूप से रद्द कर दिया क्योंकि एटीबी ने ऐसा वादा दिखाया था,लेकिन विकास संबंधी कठिनाइयों ने प्रगति में देरी की और लागत बढ़ा दी। अंततः, कार्यक्रम ने विकास, इंजीनियरिंग,परीक्षण,उत्पादन और खरीद सहित प्रत्येक 2.13 बिलियन (2024 में 94.17 बिलियन) की औसत लागत पर 21 बी-2 का उत्पादन किया।प्रत्येक विमान के निर्माण में औसतन एसएस 737 मिलियन की लागत आई,जबकि कुल खरीद लागत (उत्पादन, स्पेयर पार्ट्स, उपकरण, रेट्रोफिटिंग और सॉफ्टवेयर समर्थन सहित) औसतन प्रति विमान 929 मिलियन (2023 में 91.11 बिलियन) थी।



परियोजना की काफी पूंजी और परिचालन लागतों ने इसे अमेरिकी कांग्रेस में विवादास्पद बना दिया, यहां तक कि शीत युद्ध के समापन से पहले भी सोवियत क्षेत्र में गहरी हमला करने के लिए डिज़ाइन किए गए एक स्टील्थ विमान की इच्छा नाटकीय रूप से कम हो गई थी। नतीजतन,1980 और 1990 के दशक के अंत में सांसदों ने 132 बमवर्षकों की योजनाबद्ध खरीद को घटाकर 21 कर दिया बिना ईंधन भरे इसकी रेंज 6,000 नॉटिकल मील (11,000 किमी; 6,900 मील) से ज़्यादा है और एक बार हवा में ईंधन भरने पर यह 10,000 नॉटिकल मील (19,000 किमी; 12,000 मील) से ज़्यादा की उड़ान भर सकता है। यह 1997 में लॉकहीड स्न-117 नाइटहॉक अटैक एयरक्राफ्ट के बाद एडवांस्ड स्टील्थ तकनीक से डिजाइन किए गए दूसरे एयरक्राफ्ट के रूप में सेवा में आया था। मुख्य रूप से परमाणु बमवर्षक के रूप में डिजाइन किए गए बी-2 का पहली बार 1999 में कोसोवो युद्ध में पारंपरिक, गैर-परमाणु आयुध गिराने के लिए इस्तेमाल किया गया था। बाद में इसका इस्तेमाल इराक,अफ़गानिस्तान, लीबिया,यमन और ईरान में किया गया। संयुक्त राज्य वायु सेना के पास 2024 तक सेवा में उन्नीस बी-2 हैं; एक 2008 की दुर्घटना में नष्ट हो गया था और 2022 में दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए दूसरे को संभावित मरम्मत की लागत और अवधि के कारण सेवा से सेवानिवृत्त कर दिया गया था। वायु सेना ने 2032 तक बी-2 को संचालित करने की योजना बनाई थी लेकिन ईरान के परमाणु सयन्त्र पर हमले में उसके तीनो परमाणु सयंत्र नस्ट हो गए लेकिन परमाणु सयन्त्र को इस तरह बनाया जाता है कि भूकंप आने पर भी उसे कुछ नहीं होता है अगर हमसे पूछेंगे तो मेरे अनुसार परमाणु सयन्त्र साल दो साल में नहीं बल्कि उसे बनने में 10-15 साल तक लग जाता है और संवर्धित यूरेनियम वह यूरेनियम है जिसमें आइसोटोप पृथक्करण नामक प्रक्रिया के माध्यम से आइसोटोप यूरेनियम-235 का प्रतिशत बढ़ाया गया है। प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले यूरेनियम में थोड़ी मात्रा में यू-235 (लगभग 0.72 प्रतिशत) होता है, लेकिन परमाणु रिएक्टरों और हथियारों में उपयोग के लिए इस प्रतिशत को बढ़ाने की आवश्यकता होती है ताकी फिशन रिएक्शन हो सके और जिसे कण्ट्रोल करने पर परमाणु रीक्टर बनता है लेकिन अधिकतर देश इसे परमाणु अस्त्र बनाने का काम करते है यह यूरेनियम का ही आसोटोप है नुक्लियर सेंटर में कार्य करने वाले लोग अपने देश के टॉप स्टूडेंट होते हैं क्योंकि उसमें तकनिकी के साथ साथ रेडीएशन को कण्ट्रोल करना भी एक चुनौती होती है परमाणु सयंत्र का डिज़ाइन बहुत ही जटिल प्रक्रिया है और उसमें गुणवत्ता सबसे महत्वपूर्ण है और आईएईए के नियम के अनुसार होता है और यह फैसिलिटी में बहुत खर्चे होता है रोबोटिक का इसमें बहुत सावधानी से प्रयोग में लाया जाता है अतः यह किसी भी देश के लिए एक महत्वपूर्ण संस्था होती है और इससे जो रेडियोआइसोटोप निकलते हैं वो कैंसर,फल को अधिक समय तक जाता रखना रेडियोग्राफी में काम आता है अतः ये किसी देश की टेक्नोलॉजी है जिसमें अभी भी शोध है इसलिए ऐ कहना की उससे पहले ही वेपनग्रेड यूरेनियम को वहाँ से निकाल लिया गया है तो सही नहीं होगा क्योंकि रेडियोएक्टिव मटेरियल को लुका या छिपा कर नहीं लाया जा सकता है यूरेनियम को वहाँ से हटाना मुश्किल है क्योंकि सेंट्रीफ्यूज सिस्टम जहाँ इनस्टॉल है वहाँ बहुत सालों के बाद ऐ बना होगा और ऐ फल सब्जी जैसा नहीं है कि तुरंत वहाँ से हटा ली जाए उसपर सीआईए की सेटेलाइट लगी होती सबसे आम वाणिज्यिक विधि सेंट्रीफ्यूज का उपयोग करती है। ये मशीनें उच्च गति पर प्रतिशत 6 गैस को घुमाती हैं, जिससे भारी-238 को हल्के-235 से उनके द्रव्यमान अंतर के कारण अलग किया जाता है। हल्का -235 सेंट्रीफ्यूज के केंद्र के पास केंद्रित होता है, जबकि भारी -238 बाहरी किनारे पर चला जाता है अतः यूरेनियम जो परमाणु वेपन के लिए ईरान बना रहा था जैसा की नेतान्याहू ने इसके लिए ट्रम्प को धन्यवाद कहा लेकिन अपने घर खंडहर बन रहा है उसे शांति पूर्ण तरीके से रोकने के लिए सीजफायर के लिए प्रयास करना चाहिए क्योंकि इस जंग मे दुनिया मे आर्थिक संकट आ सकती है. अतः नहीं शांति की ओर जाएं नहीं तो दोनों तरफ से सब बर्बाद हो जायेगा..भारत ने 1998 में अमेरिका के दबाब के बाद भी परमाणु परीक्षण किया ऐ भारत की सबसे बड़ी सफलता है जिसमें देश के वैज्ञानिक़ो का श्रेय जाता है जो बहुत पहले से तैयारी की जा रही थी लेकिन स्व तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलजी का देश के प्रति समर्पण भारत के इतिहास क़ो बदल कर रख दिया और उस समय नहीं कर पाता क्योंकि जिस तरह आज अमेरिका का दबाब सीधे हमले की धमकी दे रहा है और खुद ही परमाणु हथियार का जखीरा रखे हुए है ऐ खबर बिलकुल गलत है कि ईरान क़ो ।अमेरिका की हमले की जानकारी दि थी क्योंकि क़ोई भी देश अपने स्थल पर किसी भी हनले की इजाजत नहीं देगा और जहाँ तक मैटेरियल हटा लेने की बात है वो तुरंत नहीं हटाया जा सकता क्योंकि रेडियोएक्टिव मेटेरियल इतना जल्द नहीं लाया जा सकता और अमेरिका करोड़ो का बी 2बमबर्षक क़ो ईरान में क्यों भेजता और परमाणु सयन्त्र में एक सिस्टम क़ो इतना जल्दी नहीं हटाया जा सकता है उसमें पाईपिंग टैंक लैब और शिल्डिंग कंक्रीट का दीवारों क़ो वहाँ से तुरंत कैसे हटा सकते हैं और प्लांट की कीमत अरबो में होती है और क़ोई देश अपने धरती पर किसी भी हमला उसकी संप्रभुता होती है अमेरिका और इजराइल क़ो धैर्य से काम लेना चाहिए था इससे पुरे विश्व में आर्थिक संकट आ जाएगी और किसी देश की अपनी टेक्नोलॉजी होती है उसे नस्ट करना उचित नहीं है लेकिन भारत क़ो तटस्थ भूमिका लेनी चाहिए क्योंकि ऐ गाना है सिकंदर और पौरस की ही थी लड़ाई तो मैं क्या करुँ, भारत क़ो शांति के काम लेना चाहिए प्रदर्शन से क्या होगा हमारे देश में क़ोई हमला नहीं है तो उससे क्या फायदा, क्या अमेरिका की जंग कौन कूदेगा क्योंकि लड़ाई में बर्बादी ही बर्बादी है। अतः खुद ईरान इजराइल क़ो जबाव दे रहा है क्या जरुरत थी बिना मतलब हमला करना अब इजराइल खुद ही ईरान के हमले से उसका देश खंडहर होते जा रहा है। ये उसकी नाकामी क़ो दुनिया देख रही है अतः शांति से काम लेना चाहिए क्योंकि नुकसान की भरपाई करने में सालों लग जायेगा.ऐ युद्ध धर्म के लिए हो रहा जहाँ येंरूशेलम क़ो लेकर है जहाँ तीन देशों का अपना अपना धर्म स्थल है जैसे इस्लाम के लिए अलअक्सा मस्जिद है जो मुस्लिम देश के लिए तीसरा बड़ा धर्म स्थल है वहीं यहूदी का वेस्टन वाल है जहाँ खुद नेतान्याहू ईरान के अमेरिका के हमले के बाद खुद गए वहीं इसामसीह का भी पवित्र स्थल है इसलिए ट्रम्प गॉड का कई बार नाम ले चूंके हैं। किस्चिन के बहुत बड़ी संख्या अमेरिका में है इसलिए उसे किसी भी हाल में वहाँ अरब देशों के कब्ज़ा नहीं होने देगा यें बहुत पुराना इतिहास है जिसमें हजारों की तादाद में जान गईऔर अभी ही सीरिया में सत्ता परिवर्तन के बाद चर्चे पर फियादिन हमला हुआजो आई एस आई एस ने किया अतः यें भ्रम है क्योंकि ईश्वर एक है और मानवता ही धर्म है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## पहाड़ों के बीच से गुजरती उम्मीदों की ट्रेन:कश्मीर की रेल क्रांति

जून के एक खुशगवार दिन,गेंदे के फूलों और राष्ट्रीय गौरव से लदी हुई वंदे भारत एक्सप्रेस ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर तक अपनी पहली यात्रा शुरू की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा झंडी दिखाए जाने के बाद, यह क्षण एक हाई-स्पीड ट्रेन के शुभारंभ से कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण बन गया था। यह एक सदी पुराने सपने की परिणति थी जो चट्टानी इरादों, दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प से बुनी गयी थी। और वह संकल्प था-कश्मीर का शेष भारत के साथ रेल एकीकरण। इस ट्रेन में यात्रा कर रहे लोगों के खुशनुमा चेहरों से यह साफ़ दृष्टिगोचर हो रहा है। अल्ट्रा आधुनिक यात्रा अनुभव के साथ कश्मीर जाने वाली यह ट्रेन हमारे इंजीनियरों के परिश्रम की ठोस नींव पर आधारित है। यात्रा के समय में कमी लाते हुए, यह हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनें दिन में दो बार,सप्ताह में छह बार दोनों तरफ़ से चल रही हैं। ये न केवल घाटी में स्थानीय आर्थिक विकास के लिए आवश्यक प्रोत्साहन दे रही हैं, बल्कि देश भर के पर्यटकों के लिए भी वरदान साबित हो रही हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ तीन घंटे के कम समय की इस मनमोहक यात्रा ने वास्तव में पर्वतीय कश्मीर को सभी मौसमों में शेष भारत के साथ एकीकृत कर दिया है। सड़क मार्ग से इस यात्रा में छह से सात घंटे लग जाते हैं।दशकों से, कश्मीर की कहानी संघर्ष और दूरी के नजरिये से सुनी जाती रही है। यह देखना अब उत्साहजनक है कि यह इबारत बुनियादी ढांचे - पुल, सुरंग और पहाड़ों के बीच से गुजरती रेल लाइनों की भाषा में फिर से लिखी जा रही है। केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के शासन के 11 साल पूरे होने की पूर्व संध्या पर, विशेष ट्रेनें और कनेक्टिंग लिंक कश्मीर में स्थानीय लोगों की नियति बदलने के लिए कमर कसकर तैयार हैं।राष्ट्र की सेवा के अपने 172 साल के इतिहास में, भारतीय रेल ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। रेल से जुड़ी,पुरुषों और महिलाओं की समर्पित पीढ़ियों ने संपर्क और परिवहन को रोजमर्रा की हकीकत बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। लेकिन यह एक विख्यात भारतीय विज्ञापन की एक मशहूर पंक्ति को चरितार्थ भी करती है: भारतीय रेल सिर्फ पटरियां नहीं बनाती यह राष्ट्रीय एकता का ताना-बाना भी बुनती है! अलगाव से एकीकरण तकऐतिहासिक रूप से देखें तो कश्मीर का अलगाव केवल रूपक भर नहीं था, बल्कि यह भौगोलिक और कष्टदायी रूप से वास्तविक भी था। हिमालय की ऊंचाइयों पर बसा और अक्सर हफ्तों तक बर्फ से ढका रहने वाला यह क्षेत्र न केवल पहुंच में बल्कि अनुभव में भी दुर्गम था। सड़कें खतरनाक थीं,हवाई यात्रा सीमित थी और लंबे समय से किया जा रहा पूर्ण रेल संपर्क का वायदा एक मृगतृष्णा बनकर रह गया था। कश्मीर रेल लिंक के लिए ब्रिटिश काल का प्रस्ताव दशकों तक ड्राइंग बोर्ड पर सीमित रहा, जो जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों से बाधित था। विचार-विमर्शों,व्यवहार्यता अध्ययनों, तकनीकी मूल्यांकनों और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ परामर्शों के अनगिनत दौर के बाद, उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) को आधिकारिक तौर पर 1994 में मंजूरी दी गई थी। उत्तरी और दक्षिणी अनुभागों में जहां निरंतर प्रगति होती रही और एक दशक के भीतर वे प्रभावी रूप से पूरे भी हो गए, कटरा से बनिहाल तक के केंद्रीय अनुभाग में हिमालय से जुड़ी कई इंजीनियरिंग और सुरक्षा चुनौतियां सामने आईं। वर्षों तक पहाड़ों की खाई से गुजरती यह रेल लाइनें दो अलग-अलग खंडों के रूप में बाधित रहीं। लेकिन यह खाई केवल भौतिक भूभाग से ही जुड़ी नहीं थी, बल्कि यह किसी और चीज की भी प्रतीक थी। यूएसबीआरएल परियोजना को पूरा करने का अंतिम ठोस प्रयास तब हुआ जब सरकार ने इसे राष्ट्रीय प्राथमिकता घोषित किया। दृढ़ संकल्प और अत्याधुनिक तकनीक के समन्वय से काम करने के बाद आखिर इस परियोजना ने वास्तव में आकार ले ही लिया। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बिलकुल सटीक टिप्पणी की; यह एक परिवहन पहल भर नहीं थी, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक प्रयास थी।जहां आसमान पर छाया है इस्पातयूएसबीआरएल परियोजना शायद आज़ादी के बाद की सबसे महत्वाकांक्षी रेल पहल है।

-जया वर्मा सिन्हा-

# अफसाना,अंगूठियों का संदूकचा



डॉ. मुश्ताक अहमद शाह
हरदा मध्य प्रदेश

कश्मीर की बर्फ़ से ढकी वादियों में,मैं अक्सर अपनी फोर व्हीलर में सामान लेकर जाता था। एक दिन,गाड़ी एक सुनसान पहाड़ी रास्ते में खराब हो गई। जब मरम्मत की कोई सूरत नज़र नहीं आई,तो मैंने अपने हेल्पर को गाड़ी के पास छोड़ दिया और खुद मदद की तलाश में नीचे गाँव की ओर उतर आया। रास्ते में एक आदमी मिला, जिसकी मदद से बड़ी मुश्किल से गाड़ी चल पड़ी। मैंने हेल्पर से कहा, तुम गाड़ी में ही सो जाना,मैं भाई को छोड़कर आता हूँ। अगर देर हो जाए तो घबराना मत। उसके लिए कुछ बिस्किट वग़ैरह छोड़ दिए। जब मैं मैकेनिक को छोड़कर वापस आ रहा था,तो एक छोटे से ढाबे जैसी जगह पर मेरी नज़र ठहर गई। वहाँ एक खूबसूरत लड़की दिखी, जो शायद मुसाफिरों के लिए खाना बनाती थी। उसकी आँखों में अजीब सी कशिश थी,मैं रुक गया। उससे बात की, खाना खाया,और वहीं रात बिताने का इरादा कर लिया।

रात भर हमने जिंदगी की कड़वी-मीठी बातें कीं। सुबह मैंने उसे अपनी अंगूठी दी और कहा, मैं तुमसे मिलने ज़रूर आऊँगा,अगर बुरा न मानो तो मैं तुमसे शादी करना चाहता हूँ। वह मुस्कराई, कुछ न बोली। मैं एक रात वहाँ रुका और फिर अपनी मंज़िल की ओर निकल पड़ा। कई महीनों की मेहनत और कमाई के बाद मैं वापस लौटा। दिल में उम्मीद और बेचैनी थी। उसके ढाबे पर पहुँचा, उसे सलाम किया। उसने मुझे देखकर पहचानने की कोई कोशिश नहीं की। मैंने कहा, याद है, मैंने तुम्हें एक अंगूठी दी थी और वादा किया था कि लौटूँगा। देखो, मैं आ गया!

वह चुपचाप मुस्कराई, फिर अंदर गई और एक पुराना सा संदूकचा ले आई। उसे खोला, उसमें कई अंगूठियाँ थीं। बोली, देखो, इनमें से अपनी अंगूठी पहचानो। मैं कभी खुद को,कभी उसे देख रहा था। समझ नहीं पा रहा था कि मेरे साथ क्या हो रहा है। वह चुप खड़ी थी, उसकी आँखों में बरसों की कहानियाँ थीं। मैं अपनी अंगूठी ढूँढ़ने लगा,पर मेरे हाथ काँप रहे थे। शायद मोहब्बत कभी-कभी हमारी अपनी पहचान को मुश्किल बना देती है। मैं संदूकचे के सामने बैठा था,हर अंगूठी को गौर से देख रहा था। मेरी दी हुई अंगूठी भी शायद उन्हीं में कहीं छुपी थी, मगर अब वे सब एक



जैसी लग रही थीं। मेरी उंगलियाँ काँप रही थीं,दिल में अजीब सी बेचैनी थी। मैंने एक अंगूठी उठाई, फिर दूसरी, फिर तीसरी। हर बार वही सवाल, क्या यही मेरी अंगूठी है?वह लड़की चुपचाप मुझे देख रही थी। उसकी आँखों में न कोई उम्मीद थी, न मायूसी। बस एक गहरी ख़ामोशी। मैंने हिम्मत कर के पूछा, ये सब अंगूठियाँ?

वह धीरे से बोली,

ये सब वादे हैं। हर अंगूठी के साथ किसी ने लौटने का वादा किया था। कुछ लौट आए, कुछ कभी न आए।

मैं चुप हो गया। मेरे दिल में एक कसक सी उठी। मैंने कहा,

मेरा वादा सच्चा था। मैं लौट आया हूँ।

वह मुस्कराई,इस बार उसकी मुस्कान में एक कड़वाहट थी, कभी-कभी लौट आने से वादे पूरे नहीं होते। वक्त बदल जाता है,लोग बदल जाते हैं। यहाँ हर आने वाला मुसाफिर एक कहानी छोड़ जाता है। तुम्हारी कहानी भी अब इस संदूकचे में बंद हो गई है। मैंने संदूकचा बंद किया, उसकी तरफ देखा। तो क्या अब मैं भी एक कहानी बन गया हूँ?

वह धीरे से बोली,हम सब किसी न किसी की कहानी हैं। तुम भी, मैं भी।

मैंने आखिरी बार उसकी आँखों में देखा। वहाँ एक ख़ामोश समंदर था,जिसके किनारे मेरी उम्मीद की कश्तियाँ डूब चुकी थीं। मैं चुपचाप उठा, बाहर निकला। पहाड़ों की फ़िज़ा में एक अनजानी सी उदासी घुल गई थी। मोहब्बत सिर्फ़ वादों से नहीं,वक्त और वफ़ा से मुकम्मल होती है। कुछ कहानियाँ अधूरी रहकर ही अमर हो जाती हैं। मैं अपनी मोहब्बत को खोना नहीं चाहता था। मैं दोबारा लौटा। जब मैंने फिर से संदूकचे में अपनी अंगूठी ढूँढ़ने की कोशिश की, तो मेरे हाथ काँप रहे थे। मैंने हिम्मत कर के कहा,ये रही मेरी अंगूठी। उसने मेरी तरफ देखा, उसकी आँखों में इस बार एक अलग सी चमक थी। तुम्हें कैसे यक़ीन है कि यही तुम्हारी अंगूठी है? मैंने मुस्कराकर कहा,क्योंकि इसमें मेरा वादा बंद है।

वह ख़ामोश रही,फिर धीरे से बोली,तुम वाक़ई लौट आए हो। बहुत कम लोग अपने वादे निभाते हैं। मैंने उसके हाथ में अपनी अंगूठी थमा दी।

क्या तुम मेरे साथ अपनी ज़िंदगी गुज़ारना चाहोगी?

वह पल भर चुप रही,फिर उसने हाँ में सिर हिला दिया। उसकी आँखों में खुशी और आँसू दोनों थे। हाँ, मैं तुम्हारे साथ चलने को तैयार हूँ। पहाड़ों की फिज़ा में एक नई उम्मीद जाग उठी।

मोहब्बत में अगर सच्चाई और वफ़ा हो,तो हर अधूरा वादा भी एक नई शुरुआत बन सकता है। मैंने अपने हेल्पर को गाड़ी की चाबी दी और कहा,

आज से ये गाड़ी तुम्हारी है,तुम इसके मालिक हो। मैं अब यहीं रहूँगा,इन्हीं वादियों में, अपनी सारी खुशियाँ इस लड़की के साथ बाँटूँगा। हेल्पर हैरान था, मगर मेरी आँखों में अज़्म देख कर चुपचाप गाड़ी लेकर चला गया। फिज़ा बदल गई थी। चारों तरफ़ ख़ामोशी थी, तन्हाई थी, मगर उस तन्हाई में एक अजीब सी खुशबू थी–उम्मीदों और आरज़ुओं की खुशबू।

अब मैं और वह लड़की, दोनों उस छोटे से ढाबे को अपना आशियाना बनाने लगे। सुबह की ठंडी हवा में उसके हाथों की महक, शाम की चाय में उसकी मुस्कान, और रात की ख़ामोशी में उसकी बातें–सब कुछ बदल गया था। पहाड़ों की उस वादी में अब मेरा दिल भी आबाद था।

हम दोनों ने मिलकर अपनी छोटी सी दुनिया बसा ली, जहाँ न कोई पुराना दुख था, न कोई अधूरा वादा। सिर्फ़ हम थे, हमारी मोहब्बत थी, और वे वादियाँ–जिनकी ख़ामोशी अब हमारी हँसी से गूँजती थी।

कभी-कभी असली खुशी किसी चीज़ को पाने में नहीं, बल्कि किसी को सौंप देने में और खुद नई ज़िंदगी शुरू करने में होती है।मोहब्बत जब मंज़िल बन जाए, तो हर वादी, हर ख़ामोशी,खुशियों से महक उठती है।



## कविता
## ढूंढ सको तो ढूंढ लो...

घटती-घटना



शामलाल कौशल
रोहतक
हरियाणा

हर रात के पीछे सवेरा छुपा होता है
ढूंढ सको तो ढूंढ लो!
हर बेगाने के पीछे अपना छिपा होता है
ढूंढ सको तो ढूंढ लो!
हर गम के पीछे ख़ुशी छुपी होती है
ढूंढ सको तो ढूंढ लो!
हर असफलता के पीछे सफलता छुपी होती है
ढूंढ सको तो ढूंढ लो!
हर पतझड़ के पीछे बसंत छुपा होता है
ढूंढ सको तो ढूंढ लो!
हर कमजोरी के पीछे ताकत छुपी हुई होती है
ढूंढ सको तो ढूंढ लो!
हर गरीबी के पीछे अमीरी छुपी होती है
ढूंढ सको तो ढूंढ लो
हर खान के नीचे कोई खनिज पदार्थ होता है
ढूंढ सको तो ढूंढ लो!
हर निराशा के पीछे आशा छुपी हुई होती है
ढूंढ सको तो ढूंढ लो!
हर भजन के पीछे भगवान छुपा हुआ होता है
ढूंढ सको तो ढूंढ लो!

# युद्धाक्रांत समय के साये में पूरी दुनिया

ईरान और इजरायल के बीच सीधे तौर पर युद्ध की शुरुआत हो चुकी है। दोनों ओर से एक-दूसरे पर बम बरसाए जा रहे हैं और हालात दिन-प्रतिदिन बदतर हो रहे हैं।चूंकि इजरायल के साथ अमेरिका भी है तो जाहिरैहै, ईरान के लिए मौजूदा वक्त काफी चुनौतीपूर्ण है। ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर अमेरिका और इजरायल लगातार ईरान को चेतावनी दे रहे थे। पिछले वर्ष तेहरान पर अपने बम वषर्क विमानों से हमला करके इजरायल ने वहां हड़कंप मचा दिया था। ऑपरेशन नेशन ऑफ लायंस' के तहत एक बार फिर इजरायल ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल साइट्स पर बारूद बरसाकर अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। इस बार तेहरान पर हुए हमले में इजरायल ने ईरान के आर्मी चीफ जनरल मोहम्मद बाघेरी और ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड क्रॉप्स के कमांडर-इन-चीफ हुसैन सलामी के साथ परमाणु वैज्ञानिक डॉ. फ़ारेदून अब्बासी-दावानी और डॉ. तेहरांची के मारे जाने की पुष्टि की है। इजरायल हमेशा सुनियोजित और पूरी तैयारी के साथ हमले करता है, जिसमें मोसाद की अहम भूमिका रहती है, यह उसी का परिणाम है।ईरान पर किए गए हमले के बाद ईरान की जवाबी करवाई की आशंका के चलते इजरायल में इमरजेंसी घोषित की गई है। ईरान के लिए यह हमला निश्चित रूप से बड़ी क्षति है। और उसने इजरायल पर जवाबी कार्रवाई शुरू भी कर दी है। ईरान के साथ इराक ने भी अपना एयर स्पेस बंद कर दिया है। उधर इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्स ने कहा है कि हम ईरान के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे। इजरायल और ईरान के बीच लंबे समय से जो जुबानी जंग चल रही थी; वह अब बारूदी जंग में बदल गई है। ईरान के इतने महत्त्वपूर्ण लोगों का एक साथ हमले में मारा जाना ईरान के सुरक्षा और खुफिया तंत्र पर सवाल खड़े करता है। इजरायल के लिए निश्चित रूप से यह एक रणनीतिक जीत कही जाएगी।

-डॉ. एस.डी. वैष्णव-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# खाद नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने किया एनएच पर चक्काजाम



- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025
(घटती-घटना)।

बतौली ब्लॉक के सेदनम सहकारी समिति में खाद नहीं मिलने से किसानों ने एनएच-43 पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान किसानों ने नारेबाजी करते हुए खाद उपलब्ध कराए जाने की मांग की। सोमवार को सैकड़ों की संख्या किसान सहकारी समिति सेदम पहुंचे। इस दौरान अपने खाते जमाकर खाद की मांग करने लगेंगी किसानों को पता चला कि समिति मे ख़ाद की कम मात्रा है। जिसके बाद किसानों ने प्रदर्शन कर एन एच 43 पर एकत्रित हुए जिसको देखते हुए टी आई चन्द्र प्रकाश तिवारी वो उनके स्टाफ द्वारा तत्काल भीड़ को एन एच 43 से किनारे किया गया। किसानी का कहना हे कि हम कम मात्रा में खाद क्यों ले हर साल किसानों को ऐसे ही ठगा जाता हे इस बार ऐसा नहीं होने देंगे भी समिति प्रबंधक को सूचना मिली कि किसान एन एच 43 पर सांकेतिक जाम कर रहे है वह जाम खुलवाने मौके पर पहुंचे उन्होंने अपने उच्च अधिकारियों से बात कर किसानों को बताया कि किसानों को जल्द खाद उपलब्ध कराई जायेगी।

## भविष्य में आप जो कुछ भी बनना चाहें उसे आज ही करें तय : आईजी




- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025
(घटती-घटना)।

होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा दीपक कुमार झा थे। इस समारोह में प्रतिभावान बच्चों के माता-पिता भी आमंत्रित थे। इस दौरान आईजी ने कहा कि आज इन बच्चों को सम्मानित कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हू और अपने पिछले दिनों को याद कर रहा हूं जब मैं आईआईटी उत्तीर्ण कर नौकरी करने लगा लेकिन मैने अथक परिश्रम करते हुए संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा भी उत्तीर्ण की। और अपने तय लक्ष्य को मैने हासिल किया। मैं आप सभी से कहना चाहता हूं कि भविष्य में आप जो कुछ भी बनना चाहें उसे आज ही तय करे। आपके सामने आपका गोल स्पष्ट होना चाहिए। इसी के साथ आपके मन में अपने माता-पिता और अपने गुरूजनों के प्रति सम्मान होना चाहिए। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ सि. जेस्सी थेक्कन ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए उनके अथक परिश्रम और प्रयास की सराहना की गई।

## उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु आधार ऑपरेटर श्रीमती प्रियंका सिंह को मिला एक्सीलेंस अवॉर्ड



- संवाददाता -
बलरामपुर,23 जून 2025
(घटती-घटना)।

डिजिटल इंडिया अभियान को और अधिक सशक्त बनाने तथा आधार के व्यापक उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'डिराइविंग मैक्सिमम इंपैक्ट आउट ऑफ आधार' विषय पर यूआईडीएआई रीजनल ऑफिस हैदराबाद के द्वारा वर्कशॉप का आयोजन रायपुर न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन में किया गया। जिसमें यूआईडीएआई के सीईओ श्री भुवनेश कुमार, डीडीजी श्रीमती पी संगीता, प्रिंसिपल सेक्रेटरी ऑफ ई एंड आईटी गवर्नमेंट ऑफ छत्तीसगढ़ श्रीमती निहारिका बारिक के द्वारा आधार के माध्यम से डिजिटल इंडिया के सपने को साकार कर विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ एवं भविष्य में किए जाने वाले नए-नए इनोवेशन के बारे में बताया गया। जिससे आधार के माध्यम से आम नागरिकों को डिजिटल माध्यम से सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में सीईओ श्री कुमार ,डीडीजी श्रीमती संगीता के द्वारा जिला बलरामपुर-रामानुजगंज की आधार ऑपरेटर श्रीमती प्रियंका सिंह को बेस्ट परफॉर्मिंग ऑपरेटर इन आधार इनरोलमेंट एंड अपडेट सर्विस इन छत्तीसगढ़ स्टेट के लिए एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया ।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर स्मृति सभा व संगोष्ठी का आयोजन



- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025
(घटती-घटना)।

संकल्प भवन,भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर एक स्मृति सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही, एक पेड़ माँ के नाम से विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। स्मृति सभा में प्रभारी वक्ता के रूप में अंबिकेश केसरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के देश के प्रति समर्पण और बलिदान को याद करते हुए उनके महत्वपूर्ण योगदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत किया और जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके नारे एक देश में दो विधान, दो प्रधान,दो निशान नहीं चलेंगे ने देश की एकता और अखंडता के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम प्रभारी रविंद्र गुप्त भारती ने अपने उद्बोधन में डॉ. मुखर्जी के योगदानों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने शिक्षा,संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। उनकी दृढ़ता और साहस ने देशवासियों को एकजुट रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने विशेष रूप से उनके द्वारा शुरू किए गए नीतिगत सुधारों और बंगाल में उनके शैक्षिक योगदानों का उल्लेख किया। जिलाउपाध्यक्ष विनोद हर्ष ने अपने संबोधन में डॉ. मुखर्जी के औद्योगिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण को उजागर किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना अभिषेक सिंह देव ने दी, जिसमें उन्होंने डॉ. मुखर्जी के जीवन, उनके बलिदान और भारतीय राजनीति में उनके योगदान की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। मंच का संचालन मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने किया, जबकि मनोज कंसारी ने सभी उपस्थितजनों, वक्ताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

यह आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान और उनके द्वारा स्थापित आदर्शों को याद करने का एक सार्थक प्रयास रहा, जिसमें उनके योगदानों को पुनः स्मरण कर नई पीढ़ी को प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।

इस मौक़े पर करता राम गुप्ता , फूलेश्वर सिंह, विकास पांडे, मधु चौदाहा, श्वेता गुप्ता सहित भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कार की ठोकर से घायल ग्रामीण की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025
(घटती-घटना)।

कार की ठोकर से घायल ग्रामीण की मौत हो गई। सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम महेशपुर निवासी जयकरण नगेसिया ने पुलिस को बताया है कि 22 जून को अपरान्ह लगभग 3 बजे उसके पिता मोहन राम महेशपुर में स्थित अपने घर से पैदल धान बीज लेने गांव के बाजार गए थे। शाम को करीब 4 बजे खेत से घर वापस आते समय वह देखा कि महेशपुर मांझापारा में लाइट चैक के पास लोगों की भीड़ लगी है, मौके पर गया तो उसके पिता मोहन राम घायल अवस्था में पड़े थे, उनके शरीर से काफी खून निकल रहा था। वहां उपस्थित भूपति बैरागी बताई कि सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर वाहन का चालक इमरान हुसैन तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते पीछे से पैदल आ रहे पिता को ठोकर मार दिया और गाड़ी लेकर भाग गया है। निजी वाहन से उन्हें सीतापुर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस कार चालक के विरूद्ध केस दर्ज कर ली है।



## कलेक्टर जनदर्शन में आम जनता की सुनीं गई समस्याएं

» अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025
(घटती-घटना)।

जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं और मांगों के त्वरित समाधान के हेतु साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने मांग और शिकायत को लेकर आवेदन किया। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने जनता की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जनदर्शन में शिक्षण शुल्क माफ, पीएम आवास राशि दूसरे खाते में जाने संबंधी, भूमि सीमांकन, जमीन बटवारा, फौती,खसरा ऑनलाइन करने, पेंशन भुगतान, वन अधिकार पत्र की स्वीकृति, नहर में भूमि अधिग्रहण की मुआवजा दिलाने बावत जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं तथा राजस्व विभाग से संबंधित अनेक आवेदन प्राप्त हुए। सभी विषयों को कलेक्टर ने ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से तलब कर आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए।



## नगदी सहित जेवरात ले गए चोर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025
(घटती-घटना)।

ब्रम्हरोड में निवासी संतोष ठाकुर के घर में घुसकर चोरों ने 40 हजार रुपये नकद सहित करीब एक लाख रुपये का जेवरात चोरी कर लिया। घटना 17 जून की है। घर के सभी सदस्य रात करीब 11 बजे खाना खाकर दूसरे रूम में सोने के लिए चले गए थे। सामने वाले रूम में कोई नहीं सोया था। सुबह करीब 5.30 बजे नींद खुली तो सामने वाले रूम का अलमारी खुला था और लॉकर टूटा हुआ था। अलमारी में रखा नगद 40 हजार रुपये, चांदी का 5 सिक्का, सोने का 1 अंगूठी व 1 सोने का चेन नहीं था। रिपोर्ट पर केस दर्ज करके पुलिस अग्रिम जांच कार्रवाई कर रही है।

## ई-रिक्शा चालक व उसके साथियों ने बुलेट सवार युवक को पीटा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025 (घटती-घटना)।

जाम में फंसे बुलेट सवार युवक ने ई-रिक्शा चालक को आगे बढने के लिए बोला तो चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बुलेट सवार युवक की बेदम पिटाई कर दी। रॉड से गंभीर चोट लगने से उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार राजा हिमांशु सारथी उम्र 19 वर्ष शहर के बाबूपारा का रहने वाला है। वह एसी बनाने का काम करता है। रविवार की शाम को गांधीनगर से काम कर अपने साथी विनायक के साथ बुलेट से घर जा रहा था। रास्ते में सतिपारा में जाम लगा था। जाम से निकलने के लिए राजा ने ई-रिक्शा चालक को आगे बढने के लिए बोला तो वह नाराज हो गया और ई-रिक्शा से उताकर बुलेट सवार राजा के साथ मारपीट करने लगा। इस दौरान ई-रिक्शा चालक के साथी प्रमोद सोनकर व विकास सोनकर भी आ गए और बुलेट सवार राजा व उसके साथी के साथ मारपीट करने लगे। डंडे व रॉड से चोट लगने से राजा हिमांशु के गंभीरा चोट आई है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## शराब के नशे में कीटनाशक सेवन कर ग्रामीण ने दी जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025 (घटती-घटना)।

ग्राम मुढिया़ में शराब के नशे में एक ग्रामीण कीटनाशक सेवन कर लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रघुनाथनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मुढिया़ निवासी 51 वर्षीय देवचरण शराब पीने का आदि था। वह 16 जून को शराब के नशे में कीटनाशक सेवन कर लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## स्कूल-कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है,जाति-निवास प्रमाण-पत्र समय पर जारी करना सुनिश्चित करें:कलेक्टर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025
(घटती-घटना)।



कलेक्टर श्री विलास भोसकर की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई,जिसमें विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने पीएम पोर्टल,अटल पोर्टल,सीएम जनदर्शन एवं कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों की गहन समीक्षा की।कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार प्राथमिकता से एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए, तथा सभी निपटाए गए प्रकरणों को ऑनलाइन पोर्टल पर अद्यतन किया जाए। कलेक्टर श्री भोसकर ने एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि स्कूल एवं कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र समय पर व नियमों के अनुरूप जारी किए जाएं।बैठक में उन्होंने ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा की और जनपद सीईओ को सरपंच एवं सचिवों के समन्वय से कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग के तहत छात्रावास भवन निर्माण, प्रयास आवासीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं विशेष पिछड़ी जनजाति (पहाड़ी कोरवा) आवासीय विद्यालय संचालन की समीक्षा की। उन्होंने छात्रावास निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।साथ ही, नवोदय, सैनिक स्कूल एवं प्रयास विद्यालयों में ग्रामीण बच्चों का चयन सुनिश्चित करने हेतु विशेष कोचिंग व्यवस्था के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए।

कलेक्टर ने कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुकी है, अतः किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध हो, इसकी समुचित व्यवस्था संबंधित विभाग सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री राम सिंह ठाकुर, श्री अमृत लाल ध्रुव, सभी एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।







CMYK

# विभिन्न थाना चौकी क्षेत्रो मे पुलिस टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

» वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम किये जाने हेतु किया गया है निर्देशित

» थाना लखनपुर,थाना बतौली, महिला थाना,थाना लुन्ड्रा एवं पुलिस चौकी केरजू पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों एवं छात्रों कों नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी के सम्बन्ध मे किया गया जागरूक

» नागरिकों कों अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' अभियान की दी गई जानकारी, ग्रामीणों कों शपथ दिलाकर ऑनलाइन प्रमाण-पत्र किया गया वितरित

» पखवाड़ा अंतर्गत सभी थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे है आयोजित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025 (घटती-घटना)।

प्रत्येक वर्ष दिनांक 26 जून को नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस मनाया जाता है। अंतराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी हेतु आम जनता को जागरूक करना है, इसी क्रम मे अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ ÷ नशा मुक्त भारत पखवाड़ा÷ अभियान चलाये जाने के दिशा निर्देश पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा जारी किये गए है, इसी क्रम मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) द्वारा जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों कों अपने अपने थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत



जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों कों नशीले दवाओं के दुष्प्रभाव एवं अवैध तस्करी के सम्बन्ध मे जागरूक करने के दिशा निर्देश दिए गए थे।

इसी तारतम्य मे आज दिनांक कों थाना लखनपुर, थाना बतौली, महिला थाना, थाना लुन्ड्रा एवं पुलिस चौकी केरजू पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों कों नशा मुक्त भारत पखवाड़ा÷ कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आम जनता के बीच नशीली दवाओं के दुरूपयोग,अवैध तस्करी तथा उसके दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई, पुलिस टीम द्वारा लोगो कों नशा ना करने एवं नशे की आदत से अपने आस पास के लोगो कों छुटकारा दिलाने मे अपना सहयोग प्रदान करने की जिम्मेदारी प्रदान की गई, साथ ही नशे के अवैध कार्यो मे लिप्त व्यक्तियों की सूचना थाना मे देने के लिए प्रेरित किया गया, कार्यक्रम मे ग्रामीणों द्वारा सहर्ष नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मे शामिल होकर अपना योगदान देने की बात कही गई,जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगो कों नशे के दूर रहने की शपथ दिलाई गई, एवं उक्त कार्यक्रम मे शामिल होने हेतु नागरिकों कों नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा प्रदत्त ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक शशिकान्त सिन्हा, महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनीता भारद्वाज, थाना प्रभारी बतौली उप निरीक्षक सी. पी. तिवारी,थाना प्रभारी लुन्ड्रा उप निरीक्षक आर. एन. पटेल,चौकी प्रभारी केरजू सहायक उप निरीक्षक राजेश्वर महंत, सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक फलेन्द्र पैकरा,महिला आरक्षक मेरी क्लोरेट,किरण एवं थाना चौकी क्षेत्र के काफी संख्या मे नागरिक उपस्थित रहे।

# 1 लाख 30 हजार रूपये कीमत के गांजा सहित 1 गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 जून 2025 (घटती-घटना)।

डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने नशे के विरूद्ध जीरो टारलेस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 22.06.2025 को थाना प्रेमनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला ग्राम सरसताल निवासी शशिभूषण दुबे पैदल सिरमिना-कोरबा से ओर से अपने घर की ओर गांजा लेकर आ रहा है।



थाना प्रेमनगर पुलिस सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु रवाना हुई और ग्राम सरसताल में घेराबंदी कर शशिभूषण दुबे पिता सत्यदेव दुबे उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सरसताल, थाना प्रेमनगर को पकड़ा जिसके कब्जे से 4 किलो 350 ग्राम गांजा जप्त किया गया जिसकी कीमत करीब 1 लाख 30 हजार रूपये है। मामले में गांजा जप्त कर धारा 20बी,29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रेमनगर जे.एस.कंवर व उनकी टीम सक्रिय रही।

# नशे के खिलाफ सूरजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

» 24 लाख कीमत के गांजा सहित 2 गिरफ्तार, परिवहन में प्रयुक्त वाहन भी जप्त

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 जून 2025 (घटती-घटना)।

जिले में पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने करीब 24 लाख रुपये कीमत का 80 किग्रा गांजा और परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जब्त किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए है जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है और लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है।




डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने जिले के थाना प्रभारियों को वाहन चेकिंग कर संदिग्धों की जांच करने के निर्देश दिए थे जिसके परिपालन में दिनांक 22.06.2025 को थाना जयनगर पुलिस ग्राम जमदेई में वाहन चेकिंग कर रही थी। वाहन चेकिंग के दौरान लखनपुर की ओर से एक बोलेरो वाहन आते दिखा जो पुलिस चेकिंग को देखकर वाहन मोडकर भागने का प्रयास करने लगा, पुलिस टीम के द्वारा पीछा किए जाने पर 1 व्यक्ति वाहन से निकलकर भाग निकला। बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीसी 3785 से 2 व्यक्ति ओमप्रकाश बसोर पिता फुलचंद राम उम्र 24 वर्ष ग्राम बगदरी, थाना लखनपुर हाल मुकाम ग्राम चांदो, थाना लखनपुर एवं मोतीलाल बसोर पिता बुद्धराम उम्र 40 वर्ष ग्राम चांदो,थाना लखनपुर को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 80 किलो गांजा बरामद किया गया। जप्त गांजा की कीमत करीब 24 लाख रूपये है। मामले में गांजा व परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जप्त कर धारा 20(बी)(2)(सी),29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वही फरार 1 आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर नरेन्द्र सिंह, एएसआई सोहन सिंह, विशाल मिश्रा, प्रधान आरक्षक मुकेश्वर वर्मा,आरक्षक सुरेश साहू,विकास मिश्रा,रवि राजवाड़े,सैनिक मुजाहिद हुसैन, जहांगीर आलम व नोहर साय राजवाड़े सक्रिय रहे।

## गैस सिलेंडर सीने पर गिरने से आई चोट से युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025 (घटती-घटना)।

जशपुर नारायणपुर निवासी एक युवक पर गैस सिलेंडर सीने पर गिर जाने से अंदुरूनी चोटों आई थी। तत्काल पता नहीं चलने पर वह इलाज नहीं कराया था। घटना के तीन दिन बाद तबियत बिगडने़ पर उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान रविवार की देर रात उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामलाल यादव उम्र 39 वर्ष जशपुर जिले के ग्राम नारायणपुर का रहने वाला था। वह 12 जून की दोपहर गैस सिलेंडर लेने चीटकीबाइन गैस गोदाम गया था। गोदाम के अंदर से सिलेंडर लेकर बाहर निकल रहा था तभी बैलेंस बिगड़ जाने से सिलेंडर उसके सीने पर गिर गया था। अंदरूनी चोट लगने के कारण उसे पता नहीं चला। वह घर जाकर परिजन को बताया पर उसे इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले गए। 15 जून को तबियत ज्यादा बिगडने़ पर परिजन उसे इलाज के लिए कुनकुरी अस्पताल ले गए। वहां से रेफर करने पर परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान रविवार की देर रात उसकी मौत हो गई।

# ग्रामीण पहुंचे कलेक्टर कार्यालय,अवैध कब्जे और फर्जी ग्रामसभा प्रस्ताव के लेकर सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 जून 2025 (घटती-घटना)।

जिला सूरजपुर के लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम सुन्दरगंज के ग्रामीणों ने सूरजपुर कलेक्टर को एक सामूहिक आवेदन सौंपकर शासकीय भूमि से बेदखली की कार्यवाही पर गहरी आपत्ति जताई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कुछ प्रभावशाली और राजनीतिक पहुँच रखने वाले व्यक्तियों द्वारा ग्रामसभा के फर्जी प्रस्ताव के आधार पर गांव के गरीब दसकों पूर्व से निवासरत परिवारों को शासकीय भूमि से बेदखल करने की साजिश की जा रही है।

आवेदन में उल्लेख है कि ग्राम सुन्दरगंज में कुल 311 एकड़ शासकीय भूमि पर 159 प्लॉट चिन्हित हैं, जिन पर लगभग 95त्न ग्रामीण परिवार बीते कई दशकों से निवास कर रहे हैं और वहीं कृषि कार्य कर अपने जीवनयापन का साधन चला रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनके पूर्वजों के समय से ही वे इस भूमि पर काबिज हैं और अब अचानक कुछ लोग व्यक्तिगत हितों के लिए उन्हें उजाड़ने पर आमादा हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, दिनांक 14 अप्रैल 2025 को एक तथाकथित ग्रामसभा आयोजित की गई, जिसमें न तो पंचायत सचिव मौजूद थे और न ही सरपंच स्वयं उपस्थित थीं। सरपंच के पति द्वारा गैरकानूनी तरीके से ग्रामसभा का संचालन कर प्रस्ताव पारित कराया गया, जबकि यह संविधान और पंचायत नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। ग्रामीणों का दावा है कि इस दौरान गांव में घूम-घूमकर हस्ताक्षर जुटाए गए और



प्रस्ताव को जबरन वैध ठहराया गया।

ग्रामीणों ने दिनांक 9 मई 2025 को पुनः एक वैध ग्रामसभा का आयोजन कर प्रस्ताव पारित किया, जिसमें यह मांग की गई कि शासकीय भूमि की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जिन परिवारों का कब्जा सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर है, उन्हें सामुदायिक पट्टा दिया जाए और शेष भूमि पर जो लोग तीन पीढ़ियों से रह रहे हैं, उन्हें वन अधिकार पत्र का फॉर्म भरवा कर पट्टा प्रदान किया जाए। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि प्रशासन बेदखली की कार्यवाही करना चाहता है तो वह सभी पर समान रूप से लागू हो, केवल चुनिंदा गरीबों को ही निशाना न बनाया जाए।

ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव की समस्त शासकीय भूमि की निष्पक्ष जांच कराई जाए और फर्जी ग्रामसभा प्रस्तावों की भी विधिवत जांच की जाए। साथ ही किसी भी व्यक्ति के घर या आश्रय स्थल को बिना वैध प्रक्रिया के न तोड़ा जाए।इस पूरे मामले में जहां ग्रामीण न्याय की गुहार लगा रहे हैं, वहीं स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता और प्रभावशाली लोगों के दबाव में आकर कार्रवाई करने के आरोप भी लग रहे हैं। ऐसे में कलेक्टर महोदय से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

# दो दिवसीय प्रथम राज्य सम्मेलन के अंतिम सत्र में नई कार्यकारिणी का हुआ निर्वाचन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ सेल्स प्रमोशन एम्प्लाइज यूनियन के दो दिवसीय प्रथम राज्य सम्मेलन के दूसरे दिन, माखन विहार, अम्बिकापुर के सभागृह में महासचिव और कोषाध्यक्ष प्रतिवेदन पर चर्चा में विभिन्न इकाइयों से आए 23 प्रतिनिधियों ने अपने विचार और सुझाव दिए। प्रतिवेदन पर चर्चा का उत्तर, यूनियन के महासचिव कॉ. प्रदीप मिश्रा और कोषाध्यक्ष कॉ. बिभास पैठण्डी ने दिया, इसके उपरांत दोनों प्रतिवेदन सर्वसम्मति से सम्मेलन में पारित हुआ। सम्मेलन के पर्यवेक्षक यूनियन के अखिल भारतीय फ़ेडरेशन एफ एम आर ए आई के उपाध्यक्ष कॉ. नरेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए, दवा उद्योग में आने वाले चुनौतियों का सामना करने के लिए मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की एकता से ही किया जा सकता है और जन स्वस्थ्य के मुद्दों को आम जनता तक ले जाने का आह्वान किया। क्रेडेंशियल कमेटी की रिपोर्ट यूनियन के उपमहासचिव कॉ प्रकाश नारायण सिंह के रखी।



सम्मेलन के अंतिम सत्र में नई कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ। जिसमें अध्यक्ष-कॉ. नवीन गुप्ता, उपाध्यक्ष-कॉ. तुहिन चक्रवर्ती, कॉ. प्रवीण सिंह, प्रोसेनजीत घोष, महासचिव - कॉ. देवरूप बिस्वास, उपमहासचिव - कॉ. प्रकाश नारायण सिंह, कॉ. खगेश पटेल,कोषाध्यक्ष - कॉ. बिभास पैठण्डी, सचिव - कॉ. एस. बी. सिंह, कॉ. अमित रॉय, कॉ. अरिंदम चक्रवर्ती, कॉ. प्रदीप मिश्र और कॉ. पूनम साहू निर्वाचित हुए। इसी प्रकिया में 12 सदस्यी कार्यकारणी का भी चुनाव हुआ । जिसमे कॉ. रघुनाथ प्रधान, कॉ.विमल शर्मा, कॉ. पिनाकी रंजन चक्रवर्ती, कॉ. नीरज त्रिवेदी, कॉ. सतेन्द्र मिश्रा, कॉ. मुकेश पटेल, कॉ. प्रेम शंकर सिंह, कॉ. विवेक सतरके, कॉ. बाल कृष्ण देशमुख, कॉ. जवाहर पटेल, कॉ. शैलेश पटेल और कॉ. लोकेश त्रिवेदी शामिल हैं।

सम्मेलन के अंत मे नवनिर्वाचित अध्यक्ष कॉ. नवीन गुप्ता ने अपने संबोधन में सम्मेलन को सफल बनाने में योगदान के लिए अपना योगदान करने वाले डॉक्टर्स, मेडिकल स्टॉकिस्ट, दवा दुकानदारों सहित अम्बिकापुर के दवा प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया।

सी जी एस पी ई यू के प्रथम राज्य सम्मेलन को सफल बनाने में अम्बिकापुर के पंकज सिंह, अजय कुमार विवेक, धर्मेंद्र कुमार, मनोज द्विवेदी, रामजी तिवारी, शेखर पुष्प, राकेश दुबे, चंद्रहास शर्मा, धनंजय कुमार, संजेश शर्मा, शेखर ज्योति, कयामुद्दीन अंसारी, संतोष कुमार, जय प्रकाश शर्मा, अनिल यादव, अजय गुप्ता, राजीव रंजन, रितेश चौहान, रवि गुप्ता, अशुतोष सिंह, ऋषि मुकेश, दीपक दुबे, शुभम शुक्ला सहित बड़ी संख्या में मेडिकल और सेल्स रिप्रेजेंटेटिव शामिल रहे।

# अंबिकापुर जिला कुटुंब प्रबोधन द्वारा परिवार सम्मेलन एवं सहभोज समारोह

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जून 2025 (घटती-घटना)।

सरस्वती शिशु मंदिर देवीगंज रोड अंबिकापुर के सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया। अतिथि सम्मान के साथ-साथ सभागार में उपस्थित समस्त परिवारजनों का अक्षय तिलक द्वारा अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम दरबार की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं राम स्तुति व मन्त्रोच्चार के साथ हुआ द्य

अतिथि आसन पर मुख्य रूप से जिला संघ चालक भगवान दास बंसल, सुभाषचंद्र अग्रवाल- अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर, जिला सह संयोजक कुटुंब प्रबोधन-माधवेन्द्र तिवारी, अशोक सिंह- नगर संघचालक, श्रीमती उर्वशी तिवारी, राम प्रसाद गुप्ता- विभाग संयोजक कुटुंब प्रबोधन तथा दीनदयाल गोयल जिला संयोजक रहे।

कुटुंब प्रबोधन के परिपेक्ष में सुभाषचंद्र अग्रवाल ने प्रकाश डालते हुए हिंदू परिवार, हिंदू जीवन दर्शन ,संयुक्त परिवार व्यवस्था, परिवार में




परस्पर आपसी संबंध,परिवार में केवल मात्र एक प्रबोधन कार्यक्रम नहीं है बल्कि कार्यक्रमों के द्वारा रोज अच्छे संस्कार का निर्माण होता है। इस दृष्टि से यहां जो भी बिंदु प्रस्तुत किए जाएंगे वे सभी आपस में मिलकर परिवार व्यवस्था तथा सामाजिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देता है। उक्त अवसर पर सभागार में उपस्थित सभी परिवारजनों ने अपने-अपने जीवन एवं अपने परिवार की घटित घटनाओं की झलकियों को शब्दों के माध्यम से चित्रित किया।

कुटुम्ब प्रबोधन परिवार सम्मलेन के मुख्य विषयों- परिवार में समरसता कैसे आए विषय पर श्रीमती सुमन गुप्ता ने अपने विचार रखे।

परिवार में संस्कार मय वातावरण का निर्माण के बारे में बोलते हुए पीयूष त्रिपाठी ने व्यापक रुप से विषयों को रखते हुए कहा कि बहू को बहू रहने दीजिए, बेटी बनाने की बात बोलकर हम बहू शब्द को अभिशाप सिद्ध करने पर क्यों तुले हुए हैं। हर रिश्ते का अपना अलग और अनूठा महत्व है, जिसे बदलने की आवश्यकता नहीं है। यदि आवश्यकता है तो मर्यादा, संयम, संस्कारों के साथ संतुलित आचरण की। युवा दंपतियों का दायित्व विषय पर श्रीमती देवकी त्रिपाठी ने सम्बोधित किया। दादा/बाबा से नाती-पोतों का संबंध विषय पर राज नारायण द्विवेदी ने विचार रखे।

वहीं मोबाइल-टीवी के दैनिक उपयोग का परिवार पर प्रभाव विषय पर विस्तार से मीरा साहू, प्राचार्य ने प्रकाश डाला। मनोज सिंह द्वारा हमारे द्वारा किया गया व्यवहार स्वयं तथा समाज को कैसे प्रभावित करता है। पर खुले मन से सभी से विचार साझा किए। इसके अतिरिक्त उपस्थित अन्य परिवारों ने स्वत÷ अपने-अपने विचार कुटुंब प्रबोधन ,वसुदेव कुटुंबकम पर रखे।

परहित सरिस धर्म नहीं भाई और तुलसी मीठे बचन ते सुख उपजत चहुंओर आदि बिंदुओं पर व्यापक परिचर्चा हुई।

कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन राम प्रसाद गुप्ता, विभाग संयोजक कुटुंब प्रबोधन के द्वारा करते हुए परिवार में एकरूपता, सहजता, अपनापन, बड़ों के प्रति सम्मान, औद्योगिकरण में परिवार का एकल होना तथा परिवार में भजन, भोजन, भाषा, वेशभूषा, भवन, भ्रमण, आदि बिंदुओं पर विभाग संयोजक ने मध्य चर्चा विषय रखे।

चर्चा में कुटुंब मित्र 5-5 बनाने तथा आगामी कार्यक्रम में उनकी सहभागिता हो पर जोर दिया गया।

आभार प्रदर्शन जिला संयोजक दीनदयाल गोयल ने करते हुए विद्यालय प्रांगण भवन, लाईट प्रदाता तथा उपस्थित जनों की सहभागिता, भोजन व्यवस्था में लगे समस्त भैया-भगिनी के प्रति आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन प्रभु श्री राम जी की आरती एवं शांति पाठ मंत्र के साथ हुआ। उक्त अवसर पर युगल दंपति नवयुवक, प्रौढ़ युगल, तथा वृद्ध जोड़े के साथ 23 जोड़े, एकल माताएँ-बहनें पुरुष वर्ग 100 की संख्या तथा 40 युवा-युवती सहित कुल 186 लोगों ने कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित की।

इस अवसर पर आयोजित सहभोज कार्यक्रम में सभी ने भाग लिया तथा कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम की विशेषता लोगों की सहभागिता की महत्ता पर उपस्थित जनों ने प्रशंसा की।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः सीपीएम - इंजी.-जीएसयु-बीएसपी-04-25-26, दिनांक: 19.06.2025.**
**कार्यः** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में पेंड्रा रोड, शहडोल और बिजुरी में रनिंग रूम और संयुक्त क्रू एवं टीएम लॉबी का निर्माण/ संवर्द्धन, संबद्ध और विविध कार्य। **निविदा मूल्यः** ₹ 13,43,54,459.09. **अमानत राशिः** ₹ 8,21,800.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।
**निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 30.06.2025** से। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 14.07.2025 के 15.00** बजे तक।
उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई–टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
*उप मुख्य अभियंता गतिशक्ति/*
*सीपीआर/10/124 द.पू.म.रे.,बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail
RO-MUM0436/25-26

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर , जिला सरगुजा,(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 /अ -2 /2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अमित कुमार गुप्ता, अजीत कुमार गुप्ता पिता मंगल प्रसाद जाति रौनियार निवासी रामानुजगंज तहसील रामानुगंज जिला बलरामपुर (छ0ग0)के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)खसरा नंबर 162/8, 162 /11 रकबा 0.003 ,0.006 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यावसायिक /आवसीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी - 1 खसरा, नक्शा पंचायत प्रस्ताव रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है,जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबधं में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 02 /07/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यलय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्ररस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

# क्या पूर्व विधायक के शासनकाल में हुए निर्माण कार्यों के भ्रष्टाचार का खामियाजा स्वास्थ्य मंत्री को उठाना पड़ रहा है?

### जिला अस्पताल में पहली बारिश में घुसा पानी आलोचनाओं में घिरे वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री, पर काम था पूर्व विधायक के कार्यकाल का

### निर्माण का ठेका था कांग्रेस समर्थित ठेकेदारों के पास फिर भी गुणवत्ता का क्यों नहीं दिया गया ध्यान?


### कांग्रेस शासन काल में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई गुणवत्ता विहीन बिल्डिंग वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री के लिए बना आलोचना की वजह?

### बंटी-बबली के खासम-खास मनेद्रगढ़ के एक ठेकेदार ने बनाई थी बिल्डिंग,अब पुनः अल्लू बना रहा है उसके ऊपर की बिल्डिंग

## क्या जानबूझकर खासम-खास कर रहे हैं बदनाम करने की कोशिश?,कहीं स्वास्थ्य मंत्री बंटी-बबली के षड्यंत्र का शिकार तो नहीं हो रहे हैं?







-रवि सिंह-

चिरिमिरी, 23 जून 2025 (घटती-घटना)। सत्ता का सुख बहुत अच्छा लगता है सत्ता जाने के बाद उस सुख की सिर्फ कल्पना की जा सकती है,पर सुख मिलता नहीं है, अक्सर देखा गया है कि जब भी कोई पार्टी सत्ता में रहती है तो उसके कार्यकाल के समय किए गए कार्यों का वह श्रेय लेते है,और कुछ कार्य अंतिम वर्ष के समय होते हैं और सत्ता परिवर्तन हो जाता है तो उसका श्रेय लेने से वह वंचित हो जाते हैं,उस समय दूसरा दल जब सत्ता प्राप्त करता है तो उन कार्यों का भी श्रेय वह ले लेते हैं, वहीं पूर्व सरकार के समय की कमियों की आलोचना भी उन्हें सहनी पड़ती है, यह दोनों चीज सत्ता परिवर्तन के बाद अक्सर देखने को मिलता है,कुछ ऐसा ही मामला एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ विधानसभा का है जहां पर जिला अस्पताल के अंदर पानी घुसने की बात सामने आई थी और वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री को आलोचना का शिकार होना पड़ा था, पर हकीकत तो यह है कि जो जिला अस्पताल की बिल्डिंग बनी है वह कांग्रेस शासन काल में तैयार हुई थी और कांग्रेस के विधायक के चहेते ठेकेदारों ने उस बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा किया था, वर्तमान में भी उसके ऊपर का निर्माण कार्य हो रहा है वह भी कांग्रेस समर्थित ठेकेदार ही कर रहे हैं जिनकी लापरवाही की वजह से पानी जिला चिकित्सालय के अंदर घुसा और स्वास्थ्य मंत्री को पूरे प्रदेश में आलोचना झेलनी पड़ी,क्योंकि उनका गृह विधानसभा क्षेत्र का यह जिला अस्पताल था जहां पर यह दृश्य देखकर किसी को भी अच्छा नहीं लगा पर स्वास्थ्य मंत्री भी पूर्व सरकार के किए गए कार्यों की वजह से आलोचना के शिकार हो गए।

मिल रही जानकारी के अनुसार बंटी बबली गैंग गोदरीपारा डोमनहिल के बीच बन रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य जो एसईसीएल की आपत्ति से बंद पड़ा है चालू करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं मिल रही जानकारी के



अनुसार पता चला है कि इनका खासमखास फाइनेंसर अल्लू उक्त कार्य को कर रहा था जिसमें बंटी-बबली का भी पैसा लगा हुआ है यही कारण है कि यह कभी एसईसीएल के महाप्रबंधक के सामने जाकर उक्त कार्य को पुन प्रारंभ करने के लिए गिड़गिड़ाते हैं तो कभी धमकाते हैं कुल मिलाकर उनकी मंशा यह है कि किसी तरह निगम से उक्त निर्माण कार्य में फंसे धनराशि का भुगतान हो जाता निगम आयुक्त को भी रायपुर से दबाव डलवाते हैं स्थानीय बुद्धिजीवी वर्ग के लोग यदि एसईसीएल एनओसी दे देता है तो कंपनी और के विरुद्ध हाई कोर्ट में याचिका लगाएंगे, इस डर से एसईसीएल भी इनके दबाव में नहीं आ रहा है।

## मल्टी स्पेशलीटी हॉस्पिटल निर्माण का जिम्मा बंटी बबली गैंग का सक्रिय मनेद्रगढ़ के एक ठेकेदार पास

सूत्रों की यदि माने तो जिस बिल्डिंग को मल्टी स्पेशलीटी हॉस्पिटल के नाम पर मनेद्रगढ़ के एक ठेकेदार ने बनाया था वह भी बंटी बबली गैंग का सक्रिय सदस्य है और अभी निर्माण करने वाला अल्लू केसरवानी भी खासमखास बताया जाता है इन लोगों ने बाकायदा प्लानिंग कर छत से निकलने वाले पानी को ऊपर ही रोक दिया था ताकि सीढ़ी के रास्ते पानी अंदर प्रवेश कर जाए,खबर यह भी आ रही है कि इन्हीं लोगों ने ही मीडिया को खबर करके बुलाया भी और पीछे से क्षेत्र के विधायक और मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को बदनाम करने हेतु षड्यंत्र करते रहे, इन सभी सक्रिय गैंग के सदस्यों की यह मंशा है कि यदि अभी से ही स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को बदनाम किया जाता रहेगा तो आगामी समय इनके लोग मनेद्रगढ़ विधानसभा में फिर से कब्जा कर लेंगे और फिर पुराने सरकार के हिसाब से लूटपाट चालू कर लेंगे।

### क्या स्वास्थ्य मंत्री बंटी-बबली और उनके गैंग के सक्रिय सदस्यों के साजिश के शिकार हो रहे हैं अल्लू देकेदार उसका हिसा है?

कहते हैं राजनीति और इश्क में सब जायज है इस कहावत को इन दिनों मनेद्रगढ़ विधानसभा में पुनः सत्ता प्राप्ति कि मंशा रखने वाले कांग्रेस पार्टी के कथित सेवक बंटी बबली और उनके सहयोगी लगातार चरितार्थ कर रहे हैं,झूठ की बुनियाद पर लगातार स्वास्थ्य मंत्री पर प्रहार कर रहे हैं कभी लोहा चोरी कभी कोयला चोरी कभी जमीन घोटाला तो अब अस्पताल में पानी भर जाने का फर्जी मामला बनाकर पूरे प्रदेश की मीडिया सहित सोशल मीडिया में अपने मोबाइल से खबर बनाकर प्रसारित करने और उन्हें बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, सत्ता प्राप्ति के लिए बंटी बबली गैंग अपने घोषणा पत्र में दर्जनों वादे किए थे जिसमें आम आदमी को मोहने के लिए मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने का भी वादा गैंग ने किया था,बाकायदा उस घोषणा पत्र में प्रकाशन भी कराया गया था, समय बिता पुरानी बिल्डिंग में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का एक शानदार बोर्ड भी लगाया गया लेकिन सुविधा के नाम पर अस्पताल की स्थिति जश का तस रही,सिर्फ निर्माण कार्य में बड़ा भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के उद्देश्य से इन लोगों ने अपने मनेद्रगढ़ के एक कट्टर समर्थक को करोडो की लागत का एक अस्पताल बिल्डिंग बनाने का ठेका दिला डाला,वह बिल्डिंग आज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के लिए गले की हड्डी बन गई है पता यह भी चला है कि अभी इस बिल्डिंग के ऊपर बंटी बबली गैंग का फाइनेंसर अल्लू दोबारा ठेका लेकर दूसरा तल्ला भी बना रहा है जिसको लेकर इन दिनों पूरे प्रदेश में पानी भर जाने का मामला गरम हो गया है क्या स्वास्थ्य मंत्री बंटी बबली और उनके गैंग के सक्रिय सदस्यों के साजिश के शिकार हो रहे हैं?

### एक और मौके के लिए बंटी-बबली इन दिनों पूरे विधानसभा में फिर से कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने एवं माफी मांगने में जुटेःसूत्र-

बंटी-बबली इन दिनों पूरे विधानसभा में फिर से कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने एवं माफी मांगने लोगों को लुभाने और आगामी समय बहुत फायदा कराने का वादा करते फिर रहे हैं, रायपुर में कार्यकर्ताओं के लिए होटल बुक होना शुरू हो गया है, किसी को महंगे होटलों में खाना भी खिलाया जा रहा है, रायपुर में किसी भी प्रकार के काम को करवा देने का आश्वासन दिया जा रहा है, सत्ता में नहीं है निश्चित ही बेचैनी और पुनः सत्ता पर काबिज होने की कोशिश कर रहे हैं अब मनेंद्रगढ़ विधानसभा आने के लिए फॉर्च्यूनर और सफारी कम दिख रही है सप्ताह में दो बार निगम के बगल वाले पेट्रोल पंप से फुल टंकी तेल लेकर चलने वाली गाड़ियां अब विश्राम वाली स्थिति में दिख रही हैं महोदय और महोदया अब ट्रेन के सफर को ज्यादा आरामदायक होना बता रहे हैं, क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी सहित क्षेत्र में निवासरत सभी बुद्धिजीवी वर्ग के लोग बंटी बबली गैंग के षड्यंत्र को समझ रहे हैं,वह इस पूरे मामले को इस तरह समझ रहे हैं जैसे विधानसभा चुनाव के दौरान इन षड्यंत्रकारियों ने चुनाव जीतने के लिए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल जी के दरवाजे में मारपीट होना बताया था रात में दाएं पैर में चोट होना बताया फिर दूसरे दिन सुबह में यह देखा गया कि दाएं की जगह बाएं पैर में प्लास्टर बांधकर लोगों से मिलकर सहानुभूति लूटने का अंतिम प्रयास किया और षड्यंत्र में सफल भी हो गए अब पुनः यह षड्यंत्रकारी गिरोह फिर से अपने आदत के मुताबिक षड्यंत्र करना शुरू कर दिया है।

---


# शिक्षाकर्मी की भर्ती हुई डीएड की फर्जी अंकसूची से और पिछले सोलह वर्षों से कर रहे हैं धड़ल्ले से नौकरी

### उसके बाद भी फर्जी अंकसूची के आधार पर शिक्षाकर्मी की नौकरी करने वालों पर शासन क्यों मेहरबान है?

### क्या नियुक्ति के बाद शिक्षाकर्मी के दस्तावेजों का सत्यापन कराना विभाग की जिम्मेदारी नहीं है क्या?

-राजेन्द्र शर्मा-

खड़गवां,23 जून 2025 (घटती-घटना)। जिला एम सी बी के ब्लॉक खड़गवां में एक लम्बे समय से खड़गवां ब्लॉक में पदस्थ शिक्षा कर्मी के भ्रष्टाचार एवं धोखाधड़ी की खबरें सामने आती रहती हैं इनमें से कुछ पर कार्यवाही होती है और कुछ अपने पैसों और पावर एवं पहुंच के दम पर खुद को बच्चा भी लेते हैं ऐसे ही कई मामला खड़गवा ब्लॉक में जहां फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शिक्षा कर्मी नौकरी कर रहे हैं जो बड़े आराम से बिना किसी शिकवा शिकायत एवं रोक-टोक के पिछले कई वर्षों से नौकरी भी कर रहे हैं मामला खड़गवा मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत ठगगाव प्राथमिक शाला डूमरबहरा का है जहां पर पदस्थ शिक्षा कर्मी के डीएड की अंकसूची जिसके आधार पर शिक्षा कर्मी वर्ग 3 की भर्ती में शिक्षाकर्मी की नौकरी प्राप्त कि है। वो डी एंड की अंकसूची भारतीय शिक्षा परिषद लखनऊ से 2008 में जारी हुई है। जो पूर्ण रूप से संदेहास्पद है या ये कहा जाए की ये अंकसूची पूर्णतः फर्जी है। यह अंकसूची जिस संस्था से जारी किया गया है उस संस्था का यूजीसी द्वारा जारी विवि की सूची में नहीं है जबकि शासन कि बेवसाइट में फेंक यूनिवर्सिटी दिखा रहा है ये उत्तर प्रदेश लखनऊ से 15 जुलाई 2008 में जारी हुआ है इस संस्था के संबंध में यूजीसी की बेवसाइट पर देखने से स्पष्ट फेंक यूनिवर्सिटी की सूची में इस यूनिवर्सिटी का नाम दर्ज है जहां से इन शिक्षाकर्मी की डीएड कि अंकसूची जारी हुई है। शासन के बेवसाइट में इस यूनिवर्सिटी का नाम कहीं पर अंकित नहीं है जिसकी जानकारी बेवसाइट पर दर्ज की है विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के द्वारा देश में संचालित फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की गई है। इन फेंक यूनिवर्सिटी की जानकारी भी पहले भी प्रकाशित हो चुकी है उसके बाद भी कोरिया और एमसीबी शिक्षा विभाग के द्वारा इन फर्जी डीएड की अंकसूची कि जांच एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर फर्जी नौकरी करने वाले शिक्षाकर्मियों के दस्तावेजों की कडाई से जांच क्यों




नहीं की गई? शिक्षा विभाग के द्वारा नियुक्ति आदेश कि सामान्य शर्तें में स्पष्ट उल्लेख है आदेश क्रमांक /1732/सथा/शि.क.नि./ज प/2010 दिनांक 9/10/2010 के कंडिका 5 में स्पष्ट उल्लेख नियुक्ति उमीदवार द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य प्रस्तुत प्रमाण पत्रों को प्रथम दृष्टया सत्य मानकर कि गयी है यदि भविष्य में कभी भी उमीदवार द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र अवैध कूटरचित व फर्जी पाया गया तब नियुक्ति तत्काल निरस्त कर दी जायेगी एवं संबंधित के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता के प्रावधानानुसर दंडात्मक कार्यवाही संस्थित कि जाएगी।

### सत्यापन पर भी कई तरह के सवाल उठ रहे

क्या चयन सूची में अभ्यर्थी के नाम आने पर दस्तावेजों की गहराई से जांच की जाती है कि जिस विश्वविद्यालय या संस्थान से प्राप्त डिग्री ली गई है यह निम्नानुसार है या नहीं। वर्ष 2007 एवं 2010 में चयनित शिक्षाकर्मी के डीएड अंकसूची की गंभीरता से जांच की जाए तो कई शिक्षाकर्मी की डीएड फर्जी अंकसूची का पर्दाफाश होगा? खड़गवां विकासखंड में वर्ष 2010 में हुई शिक्षाकर्मी भर्ती में कई बार फर्जी एवं भ्रष्टाचार के आरोप लगे मगर सिर्फ जांच के नाम पर खानापूर्ति कर फर्जी अंकसूची एवं अन्य सभी दस्तावेजों का क्या हुआ ये जांच का विषय है?

### क्यों नहीं हो रही कार्यवाही?

और योग्य उम्मीदवार आज भी दर दर की ठोकरें खा रहे हैं जो इस पद के प्रमुख दावेदार थे क्या प्रशासन उन्हें न्याय देगा? इस फर्जी डीएड अंकसूची के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी के मोबाइल नंबर 6264990636 पर कई बार संपर्क कर इस पर कार्यवाही की गई की जानकारी के लिए फोन किया गया मगर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा फोन रिसिव नहीं किया गया।

---

## किसानों के लिए डी ए पी की पर्याप्त उपलब्धता कराए सरकारःरुद्र साहू

-संवाददाता-

सोनहत,23 जून 2025 (घटती-घटना)।



अच्छी बारिश के बाद अब डीएपी खाद की कमी से किसान परेशान हैं। खेतों में बुवाई का समय चल रहा है। इसके बावजूद सहकारी समिति और बाजारों में डीएपी खाद नहीं मिल रही। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। सोनहत विकासखण्ड और आसपास के गांवों में मानसून की पहली बारिश के साथ ही किसान खेतों की तैयारी में जुट गए हैं। लेकिन डीएपी खाद की अनुपलब्धता ने पानी फेर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि डीएपी खाद नहीं मिलने से बुवाई शुरू नहीं कर पा रहे हैं। किसान खाद के लिए भटक रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द डीएपी खाद उपलब्ध करवाई जाए। ताकि समय पर बुवाई हो सके और फसल पर असर न पड़े। सांसद प्रतिनिधि रुद्र साहू ने खाद की शीघ्र उपलब्धता कराने की मांग- क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि बारिश होने के बाद डीएपी उपलब्ध नहीं होने पर किसानों कि परेशानी बढ़ गई है। सहकारी समिति में नहीं मिलने से किसान खाद बीज भंडार से खरीद रहे हैं। लेकिन वो भी किसानों को मंहगे दाम पर दे रहे हैं। इससे क्षेत्र के किसानों में आक्रोश है। कुछ किसान अन्यत्र ब्लॉक से डीएपी खाद ला रहे हैं जो किराया सहित दो हजार रुपए में पड़ रहा है। खाद नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश है। सांसद प्रतिनिधि ने शासन प्रशासन से जल्द ने डीएपी जल्द उपलब्ध कराने की मांग की है।

---

# भाजपा जिला संगठन में शारदा,रविशंकर व कपील को मिली बड़ी जिम्मेदारी

-संवाददाता-

कोरिया,23 जून 2025 (घटती-घटना)। गत दिवस प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया की कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी द्वारा घोषित की गई,जिसमें लंबे समय से भाजपा संगठन में काम कर रहे अनुभवी युवा नेता शारदा प्रसाद गुप्ता को जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। जिस अवसर पर उनके समर्थकों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई है, अपने सौम्य एवं मधुर व्यवहार के कारण युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं साथ ही अपनी सरलता की वजह से वरिष्ठों के भी प्रिय हैं। मूल रूप से राष्टीय स्वयं सेवक संघ की पृष्ठ भूमि से आने वाले शारदा गुप्ता संघ में प्रथम वर्ष प्रशिक्षित हैं। ये शुरू से ही मेधावी छात्र थे और इनकी शिक्षा दीक्षा भोपाल स्थित आवासीय विद्यालय शारदा विहार में हुई जहां पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी अग्रणी रहे और छात्र संघ के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किए, यही कारण है कि छात्र जीवन में ही छात्र अधिकारों की लडाई लड़ने वाले इस युवा नेता ने बैकुंठपुर महाविद्यालय में अध्ययन करने के साथ ही छात्र संघर्ष समिति का निर्माण कर छात्र आंदोलनों का नेतृत्व किया। इनकी सक्रियता से प्रभावित होकर वर्ष 2008 में अखिल



भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इन्हें जिला सहसंयोजक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी। इसके बाद भाजपा युवा मोर्चा के जिला कार्यालय मंत्री, जिला प्रशिक्षण प्रमुख, और युवा मोर्चा कोरिया के जिला महामंत्री तथा कोरबा लोकसभा के सोशल मीडिया के संयोजक के रूप में इन्होंने अपनी अद्भुत संगठन क्षमता को प्रदर्शित किया है । राजनीति के साथ साथ ये विभिन्न सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं । और वर्तमान में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरिया के जिलाध्यक्ष भी हैं। वहीं सामाजिक क्षेत्र के अन्य संगठन स्वदेशी जागरण मंच के वर्तमान जिला संयोजक के रूप में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।

### मुझे जो जिम्मेदारी मिली है उसका मैं निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करूंगा



कपिल जायसवाल भाजपा के जिला महामंत्री बनाए गए हैं, कपिल जायवाल छात्र जीवन से ही राजनीति की शुरुआत करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े इसके बाद भाजपा की युवा मोर्चा में शामिल होकर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा जिला महामंत्री फिर भाजपा के मंडल महामंत्री इसके बाद मंडल अध्यक्ष बने। मंडल अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने विपक्ष में बहुत ही सक्रिय रूप से संगठन को मजबूत करने का काम किया। पार्टी के प्रति निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का परिणाम हुआ कि आज भाजपा ने उन्हें जिला महामंत्री बनाया है। उनके जिला महामंत्री बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी खुशी है सभी ने बधाई शुभकामनाएं दिया। कपिल जायसवाल ने बताया कि मुझ पर जो पार्टी ने भरोसा किया है उसे भरोसे पर मैं खरा उतारूंगा और पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपना काम करूंगा और पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए मैं बाध्य में रहूंगा।

### भाजपा में सक्रिय कद्दावर शख्सियत रविशंकर राजवाड़े बने जिला उपाध्यक्ष



42 वर्ष तक शिक्षक के रूप में शासकीय सेवा में रहते हुए सामाजिक विकास एवं सेवा के लिए सरगुजा संभाग में विशेष स्थान बनाने वाले श्री रविशंकर राजवाड़े की सामाजिक एवं राजनीतिक भूमिका पिछले तीन दशकों से बहुत प्रभावी रही है. भाजपा से वैचारिक रूप से जुड़े होने के कारण इनका भाजपा से मजबूत लगाव दिखता था। भाजपा के प्रति लगाव के कारण श्री राजवाड़े को वर्ष 2002-03 में कॉग्रेस की सरकार में कोरबा जिले में ट्रांसफर कर दिया गया था। श्री राजवाड़े सामाजिक क्षेत्र में प्रभावी शख्सियतों में शामिल रहे हैं,अविभाजित सरगुजा जिले में रजवार समाज के जिला कोषाध्यक्ष 5 वर्षों तक रहे, बैकुंठपुर क्षेत्र के रजवार समाज में 10 वर्ष तक अध्यक्ष की भूमिका में रहते हुए सामाजिक उत्थान के लिए कार्य किए,रजवार समाज जिला कोरिया दो कार्यकाल जिलाध्यक्ष रहे और वर्तमान में 2020 से जिलाध्यक्ष रहते हुए इनके द्वारा कई नए कार्यक्रमों की शुरुआत की गई, जिनमें प्रमुख प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान,प्रगतिशील कृषकों का सम्मान, खिलाड़ियों एवं कलाकारों का सम्मान,र जवार समाज की जनगणना, समाज का पत्रिका प्रकाशन,महिला सम्मेलन,युवा सम्मेलन जैसे ऐतिहासिक कार्य किए गए, लंबे समय तक शिक्षक रहते हुए सभी जाति समाज में लोकप्रिय रहे श्री राजवाड़े जनजाति वर्ग में शिक्षा स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति के लिए भी कार्य किए, उन्होंने शराब, जुआ जैसी बुराइयों के विरुद्ध सामाजिक गतिविधियों का संचालन किया, सभी वर्गों में इनकी खास पहचान बनी हुई है, शासकीय सेवा के बाद से भाजपा में सक्रिय अपनी शासकीय सेवा पूर्ण करते ही श्री राजवाड़े ने भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय भूमिका शुरू कर दी थी,विधानसभा चुनाव,लोकसभा चुनाव और स्थानीय चुनाव में पार्टी के लिए पूरे जिले में मजबूती से कार्य किया, श्री रविशंकर भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति में जिला उपाध्यक्ष बनाये गये हैं,गत दिवस भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा घोषित कार्यसमिति में यह बड़ी जिम्मेदारी रविशंकर राजवाड़े को मिली है,पूरे जिले में इस घोषणा से खुशी की लहर है, भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति के लिए भाजपा प्रदेश संगठन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष के प्रति आभार जताया है।

# भ्रष्टाचार की खुली पोल,पहली ही बारिश में जिला पंचायत कोरिया चारों तरफ से हुआ जलमग्न



## भ्रष्टाचार का चारागाह बनाकर जिला पंचायत कोरिया ने ग्राम पंचायत चेरवापारा के नाम पर किया था कार्यालय में शेड निर्माण

## शेड निर्माण के बावजूद पहली बारिश में खुला भ्रष्टाचार का पोल,चारों तरफ पानी ही पानी का नजारा नजर आया

## चेकर टाइल्स भी कुछ महीनों में ही उखड़ने लगा,निर्माण की स्थिति बदतर यह दिखने लगा








-रवि सिंह-
कोरिया,23 जून 2025
(घटती-घटना)।

दैनिक घटती-घटना की खबर पर फिर मुहर लगती नजर आ रही है,कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के चेरवापारा ग्राम पंचायत को जिला पंचायत कोरिया के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार का चारागाह बनाया हुआ है और ऐसी खबर इस संबंध में पहले कई बार प्रकाशित की गई थी कि प्रकाशित की भी रही है और वह खबर अब सही साबित हो रही है,चेरवापारा ग्राम पंचायत को मोहरा बनाकर जिला पंचायत कोरिया के अधिकारियों ने जिस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया था पहली ही बरसात में उसकी पोल खुलने लगी है।

बता दें कि जिला पंचायत कोरिया की एक तस्वीर एक वीडियो दैनिक घटती-घटना के हांथ लगी है जो चीखकर कह रही है कि चेरवापारा ग्राम पंचायत को मोहरा बनाकर जिला पंचायत कोरिया के अधिकारियों ने जो भ्रष्टाचार किया था, वह पहली ही बारिश में सामने आ गया और गुरुवार की दोपहर हुई बारिश में शेड का औचित्य खत्म हो गया और चेकर टाइल्स भी उखड़ गया। जिला पंचायत कोरिया के अधिकारियों ने चेरवापारा ग्राम पंचायत को मोहरा बनाकर करोड़ो रुपए का निर्माण कार्य जिला पंचायत कोरिया कार्यालय में करवाया था और यह शेड निर्माण और चेकर टाइल्स सहित कई तरह के निर्माण कार्य थे जिससे जिला पंचायत कोरिया को भव्य और बारिश में छायादार बनाने की बात कही गई थी, छायादार तो नहीं बन सका जिला पंचायत कोरिया का भवन बल्कि जब बारिश हुई चारों तरफ जलमग्न वाली स्थिति नजर आई और चेकर टाइल्स निकला हुआ मिला,अब जिला पंचायत कोरिया के इस बड़े भ्रष्टाचार की जांच होगी नहीं होगी यह अलग विषय है लेकिन पहले क्या उस व्यक्ति पर कार्यवाही होगी जिसे उपकृत किया गया निर्माण कार्य केवल अधिकारियों से करीबी के कारण दिया गया क्या उस इंजीनियर रविंद्र सोनी पर कार्यवाही होगी जिसने मूल्यांकन किया। सवाल कई हैं इस निर्माण को लेकर और सवाल अब यह भी है कि जो निर्माण जिला पंचायत कोरिया के पीछे भवन स्वरूप हो रहा है जिसकी भी केवल एजेंसी चेरवापारा ग्राम पंचायत है और निर्माण जिला पंचायत के अधिकारी के चहेते द्वारा किया जा रहा है जिसे उपकृत करने निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत को बनाया गया है जबकि यह निर्माण कार्य निविदा द्वारा प्रदान करने योग्य था क्या वह भी क्या गुणवत्ता को ताक पर रख कर किया जा रहा है,वैसे भवन वैसे भी नाले पर नाले को पाटकर बनाया जा रहा है। जिला पंचायत कोरिया का शेड निर्माण कार्य चेकर टाइल्स निर्माण कार्य तो अपनी क्षमता और अपनी गुणवत्ता पहली बारिश में ही बता गया क्या भवन भी आने वाले सालों में ऐसे ही भ्रष्टाचार की पोल खोलेगा।

### पदस्थापना तकनीकी सहायक का ढाई लाख रुपए के प्रधानमंत्री आवास देखने के लिए हुई है पर देख रहे हैं वह लाखों की बिल्डिंग किसके अनुमति से ?

रविन्द्र सोनी इंजिनियर की नियुक्ति तकनीकी सहायक के रूप में प्रधानमंत्री आवास के मूल्यांकन के लिए की गई है, प्रधानमंत्री आवास केवल ढाई लाख के मूल्यांकन का विषय होता है लेकिन वही ढाई लाख के मूल्यांकन के लिए नियुक्त एक संविदा इंजीनियर रविंद्र सोनी जिला पंचायत के अधिकारियों के सह संरक्षण में करोड़ों का मूल्यांकन कर रहा है जो जल्द धराशाई हो जा रहे हैं।


घटती घटना | अम्बिकापुर,गुरुवार 07 मई 2025 | 6

पंचायत को एजेंसी बनाया...कार्यों की जांच में गड़बड़ी मिलने पर पंचायत होगी ज़िम्मेदार...सीईओ साहब पर नहीं आएगी आंच...

क्या इस तैयारी के साथ हुई गड़बड़ी ?

जिला पंचायत 15 वीं की राशी के खर्च का विवरण

### क्या जितने भी निर्माण कार्य जिला पंचायत कोरिया में ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाकर किया गया क्या सभी का हाल यही होगा ?

जिला पंचायत कोरिया का भ्रष्टाचार नजर आने लगा पहली ही बारिश में,पहली बारिश में शेड निर्माण औचित्यहीन हो चुका है वहीं टाइल्स चेकर का भी उखड़ना शुरू है, यह सभी कार्य जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत चेरवापारा को एजेंसी बनाकर किया गया और इसका निर्माण अधिकारियों के चहेतों ने किया और मूल्यांकन अधिकारियों के चहेते इंजीनियर रविंद्र सोनी ने किया है, अब सवाल यह है कि जिस तरह पूर्व के निर्माण कार्य गुणवत्ता को लेकर पोल खोल रहे हैं क्या आगे भी ऐसे ही मामले सामने आते रहेंगे,जिला पंचायत कोरिया के द्वारा चेरवापारा ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाकर और भी निर्माण कार्य किए हुए हैं उनकी भी गुणवत्ता की बात अब शुरू है,क्या उनकी जांच होगी यह देखने वाली बात होगी,क्या वह भी शेड और चेकर टाइल्स मामले जैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए गए हैं।

### अधिकारियों ने सिर्फ अपना केबिन चमकाया गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया...

जिला पंचायत कोरिया ने ग्राम पंचायत चेरवापारा को एजेंसी बनाया जमकर लूटा पंचायत को अब यह कहना गलत नहीं होगा,इस लुट से उन्होंने केवल अधिकारियों ने अपना केबिन चमकाया मात्र,उन्होंने केबिन के अलावा हर निर्माण कार्य को इस स्तर का कराया की वह जल्द धराशाई होने लगा, वैसे केबिन का काम बताया जाता है उच्च स्तर का हुआ है। चेरवापारा ग्राम पंचायत केवल चेक काट रहा है भुगतना कर रहा है वहीं वह निर्माण एजेंसी होकर भी गुणवत्ता को लेकर कोई निर्णय नहीं ले पा रहा है, निर्णय केवल सीईओ, सहायक संचालक और रविन्द्र सोनी इंजिनियर ले रहे हैं। वैसे इस बीच अधिकारियों के चहेते बिना निविदा जमकर काम पा रहे हैं।

### क्या 15 वें वित्त निधि से अधिकारी अपना आलीशान केबिन बनवा सकते हैं ?

वैसे सूत्रों की माने या ग्राम पंचायत चेरवापारा के रिकॉर्ड खंगाले तो यह बात समझ में आएगी कि 15 वें वित्त निधि को जिला पंचायत के अधिकारियों ने बिना सोचे समझे अनावश्यक खर्च किया, इस पैसे से ग्राम पंचायत के अधिकारियों ने अपना केबिन चमकाया और अपने खास लोगों को उपकृत किया, अब सवाल यह है कि क्या ग्राम पंचायत के 15 वें वित्त निधि से अधिकारियों के केबिन को चमकाना सही है क्या यह भ्रष्टाचार नहीं है, वैसे जानकारों का कहना है यह गलत है और इसकी जांच की जानी चाहिए।

### जिला पंचायत कार्यालय के छत पर आखिर इतना बड़ा शेड क्यों बनवाया गया,किस काम के लिए बनवाया गया ?

जिला पंचायत कोरिया के छत पर भी शेड निर्माण कार्य कराया गया है,इसका औचित्य समझ से परे है, जिला पंचायत के अगल बगल का शेड पहली बरसात में ही अपनी कहानी बयान कर रहा है, अब छत के ऊपर का हाल क्या है कैसा है यह भी जल्द सामने आएगा,वैसे छत पर आवश्यकता नहीं होने के बावजूद शेड का निर्माण किया गया है, पांच विकासखंड के लिए बने भवन में पहले बिना ऊपर के नीचे के शेड निर्माण किए बगैर काम होते रहे कभी कोई कक्ष समस्या सामने नहीं आई ऐसे में जब दो विकासखंड का ही जिला बचा क्यों जरूरत पड़ी शेड निर्माण की यह भी बड़ा सवाल है।

### क्या तकनीकी सहायक रविंद्र सोनी के दल बने हुए हैं जिला पंचायत सीईओ व संचालक रितु ?

जिला पंचायत के लिए रविन्द्र सोनी इंजिनियर एक ऐसे मोहरा हैं जो किसी भी ऐसे निर्माण का बिना सोचे समझे मूल्यांकन करते हैं जो गुणवत्ता के मामले में भी खराब हो या जिसका औचित्य ही न हो निर्माण के हिसाब, तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत एक संविदा इंजीनियर को पूरा अधिकार है कि वह निर्माण के लिए हर कुछ तय कर सके,वैसे सवाल यह है कि क्या इंजिनियर रविन्द्र सोनी के दल के हैं जिला पंचायत सीईओ और सहायक संचालक रितु साहू जो उन्हें संरक्षण प्रदान करते हैं जिससे हर गुणवत्ताविहीन कार्य गुणवत्तापूर्ण मान लिया जाता है।

---

### मनेंद्रगढ़ से शुद्धूलाल,चिरमिरी-खड़गवां से मनोज तथा जनकपुर के देवेंद्र पांडे होगे ब्लॉक अध्यक्ष,जिला महासचिव द्रोणाचार्य दुबे ने जारी की सूची

## छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई एमसीबी के तीन ब्लाकों को मिले अध्यक्ष







-संवाददाता-
एमसीबी,23 जून 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के मुखिया प्रदेशाध्यक्ष श्री अरविंद अवस्थी जी के निर्देश पर एमसीबी जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर आवेदन मंगाए गए थे जिस पर काफी चर्चा और विचार विमर्श के बाद जिले के तीन ब्लॉक में अध्यक्षों को मनोनीत करने के लिए कई नामों में तीन नामों पर सहमति बनी है। इस चयन प्रक्रिया में प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविंद अवस्थी के निर्देश,प्रदेश महासचिव श्री विश्व दीपक राई और जिलाध्यक्ष श्री मृत्युंजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन




तथा प्रदेश सचिव श्री राम बरनवाल के अनुशंसा पर जिला महासचिव श्री द्रोणाचार्य दुबे ने मनेंद्रगढ़ से श्री शुद्धूलाल बर्मा, चिरमिरी-खड़गवां से श्री मनोज श्रीवास्तव और जनकपुर से श्री देवेंद्र पांडे को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किए जाने की अधिकृत घोषणा की है। उक्त मनोनयन पर प्रदेश कार्यकारिणी,प्रदेशाध्यक्ष समेत जिला इकाई ने नव नियुक्त तीनों ब्लॉक अध्यक्षों को बधाई देते हुए संगठन को उच्चतम शिखर पर ले जाने उम्मीद तीनों ब्लॉक अध्यक्षों से जताई है। नव नियुक्त तीनों ब्लॉक अध्यक्षों के मनोनयन पश्चात संगठन को मजबूत करने सहित पत्रकार हित में संगठनात्मक ढांचा को नवीन रूप देने का विश्वास नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों ने दिलाया है, उम्मीद की जा रही है कि जिले को तीन नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मिलने से जिले के तीनों दिशाओं में संगठन अपना परचम लहराने में कामयाब होगा।

## देवेंद्र तिवारी की सेना में शामिल हुए 66 पदाधिकारी और 21 आमंत्रित सदस्य

### दो नगर पालिका व विधानसभा चुनाव जीतने की होगी जिम्मेदारी,देवेंद्र तिवारी अपनी नई सेना के साथ दो नगर पालिका व विधानसभा में जीत कर पाएंगे दर्ज ?

### भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया की कार्यसमिति की सूची जारी हो गई,जिसमें 66 लोगों की जिम्मेदारी मिली है वही 21 विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं

-संवाददाता-
कोरिया,23 जून 2025
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी जिला-कोरिया की कमान संगठनात्मक रूप से देवेंद्र तिवारी के पास है,देवेंद्र तिवारी कोरिया जिले के जिलाध्यक्ष हैं अब उन्होंने अपनी सेना को आगामी आने वाले चुनाव को लेकर तैयार कर रहे हैं,जिसके लिए उन्होंने अपनी नई कार्यकारिणी घोषित कर ली है अब उनकी नई कार्यकारिणी में 66 पदाधिकारी को जहां जिम्मेदारी मिली है तो वहीं 21 आमंत्रित सदस्य उसमें शामिल किए गए हैं, यानी कि उनकी सेवा में 87 लोग अब पूरे जिम्मेदारी के साथ आगामी चुनाव की तैयारी में जीतेंगे, साथ ही अपने सरकार की योजनाओं को भी लोगों तक पहुंचाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया देवेंद्र तिवारी ने बताया कि हम आगामी चुनाव को लेकर संगठित होकर परिणाम अपने पक्ष में लगेगे और सरकार की सभी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएंगे,एक जुटता का परिचय देते हुए हम अभी से ही इस तैयारी में जुड़ चुके हैं हमारी पूरी कार्यकारिणी घोषित हो गई है और हम अभी से ही अपनी तैयारी में जुट गए, उन्होंने बताया कि जिला कार्यसमिति प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के अनुमोदन उपरांत जिला कार्यसमिति सूची जारी कर दी गई है। कार्यसमिति में शामिल जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य,



विशेष आमंत्रित सदस्य एवं वरिष्ठ व निर्वाचित नेताओं को स्थायी आमंत्रित सदस्य में शामिल किया गया है। इन्होंने भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ता से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारी तक का लंबा सफर अपनी योग्यता और धैर्य के साथ तय किया है। नवनियुक्त जिला मंत्री शारदा गुप्ता ने इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी सहित भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का आभार व्यक्त किया है। साथ ही कहा है कि वे सभी की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए संगठन के समस्त दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगे।

### देवेंद्र तिवारी की सेना के 87 धुरंधर...जिला पदाधिकारी

जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय, राजेश सिंह, अनिल साहू, रविशंकर राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, सुनिता कुर्रे, ईश्वर राजवाड़े, शारदा गुप्ता, प्रदीप तिवारी, कृष्णावती यादव, जिला कोषाध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा, जिला सह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चक्रधारी, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला सह मीडिया प्रभारी गणेश यादव, वर्षा साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी राकेश गुप्ता को पदाधिकारी बनाया गया है, जिला कार्यसमिति सदस्य विनोद साहू, अनिता तिवारी, कुंती चक्रधारी, योगेन्द्र मिश्रा, भानूपाल, सुरेन्द्र चक्रधारी, नवरतन पाण्डेय, धीरेन्द्र साहू, सुभाष साहू, अनिरूद्ध ठाकुर, महेन्द्र वैद्य, रमावती राजवाड़े, धर्मवती राजवाड़े, ओमेश्वरी राजवाड़े, रामसुंदर राजवाड़े, रामप्रताप मरावी, गोपाल राजवाड़े, नरेश्वर रजक, राजेश सोनी (पूर्व मंडल अध्यक्ष), अभिमन्यु मृदुली, श्रीराम राजवाड़े, मधुसुदन साहू, प्रियंका सिंह, पुष्पलता राजवाड़े, बिजेन्द्र जायसवाल, मनीलाल सोनपाकर, साधुशरण राजवाड़े, संतोष शर्मा, कमलेश एक्का, विवेक गुप्ता, ध्रुंवेश प्रताप सिंह, दिलराज रवि, सुरेश तिवारी, सुशील यादव, धर्मजीत सोनवानी, रूपचंद गुप्ता, राय सिंह, राजेश सोनी (पार्षद), कृष्णा प्रजापति, रेखा वर्मा, ज्योति देवांगन, अहिल्या राजवाड़े को बनाया गया है, इसी प्रकार विशेष आमंत्रित सदस्य जवाहरलाल गुप्ता, शैलेष शिवहरे, रविशंकर शर्मा, लक्ष्मण राजवाड़े, कामतानाथ तिवारी, जगदीश साहू, अवधबिहारी जायसवाल, प्रेमनारायण तर्किहार, परमजीत कौर, मनोज गुप्ता, राकेश शर्मा, आशीष गुप्ता, सुभाष जायसवाल, विमल चंद गुप्ता, संगीता सोनवानी, रंजीत मंडल, मुसाफिर सिंह, मनीलाल सोनपाकर, रामाशंकर साहू, कुबेर साहू, विनोद जायसवाल को बनाया गया है। स्थायी आमंत्रित सदस्य विधायक भईयालाल राजवाडे, विधायक रेणुका सिंह, पूर्व विधायक द्वारिका गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, अरूण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जनपद अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े, संगीता सोनवानी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल व जनपद उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल को बनाया गया है।

## संक्षिप्त खेल की खबरें

### ललित उपाध्याय ने अचानक ले लिया संन्यास



**नई दिल्ली,23 जून 2025।** भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 और टोक्यो ओलंपिक 2020 में ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। अनुभवी फारवर्ड ललित उपाध्याय दोनों बार भारतीय हॉकी टीम के अभिन्न अंग रहे थे। अब उन्होंने दो दशक से ज्यादा समय तक चले अपने शानदार करियर को अलविदा कह दिया है। ललित ने 2014 में विश्व कप में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में डेब्यू किया था तथा ओलंपिक में दो पदक जीतना उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही।ललित उपाध्याय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके संन्यास के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ,जहां संसाधन सीमित थे। लेकिन सपने असीम थे। स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर एक बार नहीं बल्कि दो बार ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने का यह सफर चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रहा। 26 सालों के बाद अपने शहर से पहला ओलंपियन बनना ऐसी बात है जिसे मैं हमेशा पूरे सम्मान के साथ संजोकर रखूंगा।

### कुछ खिलाड़ियों ने प्लेइंग इलेवन में शामिल होकर किया टीम का बंटाधार



**नई दिल्ली,23 जून 2025।** भारतीय टीम इस वक्त पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड में है। अभी पहला मुकाबला ही खेला जा रहा है, लेकिन ऐसा लगता कि कुछ खिलाड़ी वहां मैच खेलने और जीतने नहीं, बल्कि पिकनिक मनाने गए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने उन्हें पहले टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में मौका भी दिया,लेकिन ना तो वे बल्लेबाजी से कुछ कर पाए और ना ही गेंदबाजी से ही कुछ स्पेशल करने में कामयाब रहे। अब तो इस पर भी शंका पैदा होने लगी है कि वे दूसरे मैच में खेल पाएंगे या नहीं।

भारतीय टीम जब इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में बल्लेबाजी करने उतरी तो टीम की शुरुआत काफी अच्छी रही। यशस्वी जायसवाल ने 101, शुभमन गिल ने 147 और ऋषभ पंत ने 134 रनों की पारी खेली। एक वक्त लग रहा था कि टीम इंडिया 500 का स्कोर भी पार कर जाएगी, लेकिन दो भारतीय खिलाड़ी, जिनसे काफी उम्मीदें थी, उन्होंने कुछ नहीं किया।

# एलेक्स हेल्स ने टी-20 में हासिल किया नया मुकाम

## ऐसा करने वाले बने पहले अंग्रेज प्लेयर...



**लंदन,23 जून 2025।** इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स की गिनती दुनिया के बेस्ट टी-20 क्रिकेटर्स में की जाती है। वह इन दिनों मेजर लीग क्रिकेट में खेल रहे हैं, जिसका आयोजन अमेरिका में किया जा रहा है। वह इस टूर्नामेंट में लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स की टीम का हिस्सा हैं। एमएलसी 2025 में 23 जून को सीएटल ऑरिकल्स और लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के बीच मैच खेला गया। इस मैच में हेल्स ने एक उपलब्धि हासिल की।

इंग्लैंड के लिए ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने एलेक्स हेल्स

एलेक्स हेल्स के लिए यह उनके टी-20 करियर का 500वां मैच था। वह इंग्लैंड के लिए 500 टी-20 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इसके साथ ही वह टी-20 फॉर्मेट में 500 या उससे ज्यादा मैच खेलने वाले ओवरऑल सातवें खिलाड़ी हैं। टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड कायरन पोलार्ड के नाम है। उन्होंने अब तक 699 मैच खेले हैं। दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो का नाम है। उन्होंने टी-20 फॉर्मेट में 582 मैच खेले हैं।

इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर 557 टी-20 मैच खेलने वाले पाकिस्तान के शोएब मलिक हैं। चौथे नंबर पर वेस्टइंडीज के धाकड़ ऑलराउंडर आंद्रे रसेल हैं। रसेल ने अब तक 556 टी-20 मुकाबले खेले हैं। रसेल के हमवतन सुनील नरेन लिस्ट में पांचवें नंबर पर मौजूद हैं। उन्होंने 551 टी-20 मैच खेले हैं। छठे नंबर पर साउथ अफ्रीका के डेविड मिलर हैं, उन्होंने 530 मुकाबले खेले हैं। अब लिस्ट में सातवें नंबर पर एलेक्स हेल्स का नाम हो गया है।

### टी-20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी

**कायरन पोलार्ड: 699 मैच**
**ड्वेन ब्रावो : 582 मैच**
**शोएब मलिक : 557 मैच**
**आंद्रे रसेल : 556 मैच**
**सुनील नरेन : 551 मैच**
**डेविड मिलर : 530 मैच**
**एलेक्स हेल्स : 500 मैच**

### टी-20 क्रिकेट में एलेक्स हेल्स के आंकड़े

टी-20 फॉर्मेट में एलेक्स हेल्स के आंकड़ों की बात करें तो उन्होंने 500 मैचों की 496 पारियों में 29.91 के औसत से 13730 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका हाईएस्ट स्कोर नाबाद 119 रन रहा है। हेल्स ने इस फॉर्मेट में अब तक 7 शतकीय और 86 अर्धशतकीय पारियां खेली है। हालांकि मेजर लीग क्रिकेट के जारी सीजन में वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। हेल्स के बल्ले से एमएलसी 2025 में 4 मैचों में सिर्फ 32 रन निकले हैं।

# अल ऐन पर जीत के साथ नॉकआउट में पहुंची मैनचेस्टर सिटी



**अटलांटा,23 जून 2025।** मैनचेस्टर सिटी ने सोमवार को अल ऐन पर 6-0 की शानदार जीत। इसी के साथ उसने फीफा क्लब विश्व कप 2025 के राउंड ऑफ-16 में जगह बना ली है। इस जीत के साथ ही जुवेंटस का क्वालीफिकेशन भी तय हो गया है। इस मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी की ओर से इल्के गुंडोगन (8% और 73%) ने 2 गोल दोगे। इनके अलावा क्लाउडियो एचेवेरी (27%), एर्लिंग हैलैंड (45+5%),ऑस्कर बॉब (84%) और रेयान चेर्की (89%) ने टीम ने एक-एक गोल किए। पेप गार्डियोला की टीम हमेशा अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं रही, लेकिन जब गुंडोगन ने उन्हें आठवें मिनट में बढ़त दिलाई, उसके बाद से टीम ने लगातार पकड़ बनाए रखी। 19 वर्षीय एचेवरी ने क्लाउडियो एचेवरी इस टूर्नामेंट में लियोनेल मेसी के बाद फ्री-किक से सीधे गोल करने वाले अर्जेंटीना के दूसरे खिलाड़ी बन गए।

गार्डियोला की टीम ने एकतरफा दूसरे हाफ में अपना दबदबा बनाए रखा। बर्नार्डो सिल्वा के एक चतुर रिवर्स पास के बाद ऑस्कर बॉब के एक स्मार्ट फिनिश ने उनकी बढ़त को और बढ़ा दिया। मैच के एक मिनट पहले ही स्कोरलाइन में एक और गोल का इजाफा हो गया। हैलैंड ने चेर्की को पास दिया और उन्होंने टीम के लिए छठा गोल दाग दिया। गार्डियोला की टीम अब जुवेंटस एफसी का सामना करेगी। स्टैंडिंग को देखें, तो मैनचेस्टर सिटी शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर दूसरे पायदान पर है, जबकि जुवेंटस दोनों मैच जीतकर पहले स्थान पर मौजूद है। इस ग्रुप के अन्य मुकाबले में जुवेंटस ने अपने पिछले मैच में वायदाद एसी के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की है। इस ग्रुप में वायदाद एसी और अल ऐन ने अब तक दो-दो मुकाबले खेले हैं, लेकिन जीत का खाता नहीं खोल सके। दोनों टीमें फिलहाल तीसरे और चौथे पायदान पर मौजूद हैं।

### ओलंपिक डे पर बीसीसीआई और जय शाह का संदेश

## लेट्स मूव प्लस 1 अभियान को बढ़ावा

**नई दिल्ली,23 जून 2025।** इंटरनेशनल ओलंपिक-डे के मौके पर सोमवार को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लेट्स मूव +1 अभियान को बढ़ावा दिया है। इसके साथ ही मजबूत, स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाने का आग्रह किया। जय शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, क्रिकेट ने हमेशा हमें एकजुट किया है। अब यह ओलंपिक का हिस्सा है। इस ओलंपिक डे पर, आइए प्रेरणा, जुड़ाव और उत्थान के लिए खेल की ताकत का जश्न मनाएं। अपने +1 को टहलने, दौड़ने या क्रिकेट खेलने के लिए आमंत्रित करें। एक मजबूत, स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाएं। साथ मिलकर, आइए ओलंपिक गेम्स को घर लाने की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ते रहें! बीसीसीआई ने एक्स पोस्ट में लिखा, क्रिकेट ओलंपिक गेम्स में शामिल हो गया है। यह हमारे प्रिय खेल के लिए एक ऐतिहासिक छलांग है। इस ओलंपिक डे पर,आइए खेलों की शक्ति का जश्न मनाएं, जो लोगों को जोड़ती है और प्रेरित करती है। लेट्स मूव अभियान के जरिए हम आपको अपना +1 चुनने और आगे बढ़ने के लिए आमंत्रित करते हैं। चाहे वह टहलना हो, दौड़ना हो या क्रिकेट का खेल हो। साथ मिलकर, हम एक स्वस्थ, ज्यादा एकजुट भारत का निर्माण कर सकते हैं। जब हम साथ मिलकर चलते हैं, तो बेहतर तरीके से आगे बढ़ते हैं। आइए, अपने सपने को साकार करें- भारत में ओलंपिक! लेट्स मूव इस साल ओलंपिक-डे की थीम है। यह दिवस 1894 में आधुनिक ओलंपिक खेलों की स्थापना के मौके पर हर साल 23 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष, सभी को अपने साथ चलने, दौड़ने, डांस करने, कूदने और घूमने के लिए +1 को आमंत्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत लोग बस किसी मित्र को अपने साथ शामिल होने या कसरत करने के लिए कह सकते हैं।



# एनबीए चैंपियन का खिताब जीता

### इंडियाना पेसर्स को 103-91 से हराया

**वेस्ट इंडीज,23 जून 2025।** इतिहास रच दिया गया है, ओक्लाहोमा सिटी थंडर आखिरकार एनबीए चैंपियन बन गए हैं। केविन ड्यूरेंट, रसेल वेस्टब्रूक और जेम्स हार्डन जैसे दिग्गज खिलाड़ियों द्वारा जो हासिल नहीं किया जा सका,वह आखिरकार एमवीपी शाई गिलगियस-अलेक्जेंडर की प्रतिभा के तहत पूरा हुआ, जिन्होंने फ्रैंचाइज़ी को उसका पहला एनबीए खिताब दिलाया। खैर,कम से कम 1979 के बाद से पहली बार, जब फ्रैंचाइज़ी ने सिएटल में खेलते हुए एनबीए खिताब जीता था।

यह इंडियाना पेसर्स के लिए एक बार फिर से नहीं हुआ,क्योंकि स्टार टायरेस हैलिबर्टन की दुर्भाग्यपूर्ण चोट और ओकेसी थंडर के शानदार डिफेंसिव अनुशासन ने आगंतुकों को पछाड़ दिया, जो रोमांचक एनबीए फाइनल के गेम 7 में 103-91 से हार गए। खराब शूटिंग रात के बावजूद, शाई गिलगियस-अलेक्जेंडर ने 29 अंक, 12 सहायता और 5 रिबाउंड, 2 ब्लॉक और एक चोरी के साथ अपनी खिताब जीतने वाली रात को समाप्त किया और अपने पक्ष को वादा किए गए स्थान पर पहुंचा दिया। हालांकि, दूसरी तरफ, यह हैलिबर्टन था जो दुखी था - वह एक ढेर में कोर्ट में गिरने के बाद,तुरंत निराशा में फर्श पर मुक्का मारना शुरू कर दिया, जो कि पहले क्वार्टर में अकिलीज़ की चोट के कारण माना जाता है। यह चोट पहले क्वार्टर में 4:55 मिनट शेष रहते लगी, जब हैलिबर्टन ने 3-में-5 शूटिंग में 9 अंक बनाकर एक मजबूत शुरुआत की। फिर भी, खेल अभी खत्म नहीं हुआ था। पेसर्स अपने मूल सिद्धांतों पर डटे रहे, क्योंकि सभी ने पहले हाफ में शाई गिलगियस-अलेक्जेंडर के स्कोरिंग का मुकाबला करने के लिए अपना योगदान दिया, जो 48-47 पर पेसर्स के पक्ष में समाप्त हुआ। लेकिन ओक्लाहोमा के वफादारों के लिए जल्द ही स्थिति बदल गई। तीसरे क्वार्टर में पेसर्स द्वारा गेंद को ठीक से न संभाल पाने के कारण, ह्यष्ट ने 9 अंकों की बढ़त हासिल करने के लिए शानदार स्कोरिंग की शुरुआत की। और जरूरत के समय, एक बार फिर मैककोनेल ने आगे आकर अपनी भूमिका निभाई। तीसरे क्वार्टर में 8:32 से, केवल मैककोनेल ही पेसर्स के लिए बास्केट के निचले हिस्से में गेंद डालने में सफल रहे, अन्यथा वे ठंडे पड़ गए।






### भारत ने बेल्जियम पर 4-3 की जीत के साथ अभियान समाप्त किया

**नई दिल्ली,23 जून 2025।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां एंटवर्प में मेजबान बेल्जियम के खिलाफ 4-3 से दिल जीतने वाली जीत हासिल करते हुए एफआईएच हॉकी प्रो लीग (पुरुष) 2024-25 में अपना अभियान समाप्त किया। सुखजीत सिंह (21%,35%), अमित रोहिदास (36%) और हरमनप्रीत सिंह (59%) के गोलों ने भारत की जीत सुनिश्चित की और सातवें स्थान पर समाप्त हुआ। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बेल्जियम के लिए आर्थर डी स्लोवर (8%), थिब्यू स्टॉकब्रोक्स (34%) और ह्यूगो लैबोचेरे (41%) ने गोल किए। सुखजीत और दिलप्रीत सिंह के लिए यह यादगार मैच रहा, जिन्होंने अपने 100 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए।

# जुवेंटस ने वायदाद को 4-0 से हराया




**फिलाडेल्फिया, 23 जून 2025।** सीरी ए की दिग्गज टीम जुवेंटस ने रविवार को फिलाडेल्फिया के लिंकन फाइनेंशियल फील्ड में वायदाद कैसाब्लांका पर 4-1 से जीत दर्ज करते हुए 2025 फीफा क्लब विश्व कप के नए संस्करण में एक और जीत दर्ज की। केनान यिल्डिज़ के दो गोल, डुसन व्लाहोविक के एक पेनल्टी और अब्देलमुनैम बोउटौइल के एक आत्मघाती गोल ने जुवे को 4-1 से जीत दिलाई, जबकि थेम्बिंकोसी लोर्च ने वायदाद के लिए एक सांत्वना गोल किया। वायदाद के बोउटौइल ने गेंद को गलत नेट में डालकर जुवेंटस को बढ़त दिला दी, इससे पहले कि यिल्डिज़ ने खेल के 16वें मिनट में इतालवी दिग्गज के स्कोर को दोगुना कर दिया। लोर्च के 25वें मिनट के गोल ने मोरक्को की टीम को अपने पिछले स्कोर को आधा करने में मदद की, जब नॉर्डिन अमराबाट ने अपने साथी को गोल के लिए सेट किया, इससे पहले कि दोनों टीमें हाफटाइम के लिए सुरंग की ओर बढ़ें, जिसमें 2-1 की बढ़त के साथ जुवे ड्राइवर सीट पर था। यिल्डिज़ ने रात का अपना दूसरा और जुवेंटु ने तीसरा गोल किया, क्योंकि वह रैंडल कोलो मुआनी की आपूर्ति के अंत में अपने पक्ष की दो गोल की बढ़त बहाल करने के लिए पहुंचे। स्ट्राइकर व्लाहोविक ने परिणाम को किसी भी संदेह से परे कर दिया क्योंकि उन्होंने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में स्पॉट किक लेने के लिए कदम बढ़ाया और गेंद को नेट के पीछे जमा करने में कोई गलती नहीं की और अपनी टीम के लिए 4-1 की जीत पूरी की। जुवेंटस इस जीत के साथ ग्रुप जी में शीर्ष पर है क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक दो मैचों में अपने अंकों की संख्या छह अंक कर ली है,जबकि विदाद को इस आयोजन में अपनी दूसरी हार का सामना करना पड़ा, जो अपने पहले मैच में प्रीमियर लीग की टीम मैनचेस्टर सिटी से मिली हार से दोगुनी थी।

# अश्विन बाबू अभिनीत मेडिकल थ्रिलर वचिनवाडु गौतम का टीजर आउट

अश्विन बाबू की आगामी मेडिकल थ्रिलर, वचिनवदु गौतम का टीज़र रिलीज़ हो गया है, जिसने काफ़ी चर्चा बटोरी है। इस फ़िल्म का निर्देशन ममीडाला एम.आर. कृष्णा ने किया है और अरुणश्री एंटरटेनमेंट के बैनर तले टी. गणपति रेड्डी ने इसका निर्माण किया है। टीज़र में मंचू मनोज की दमदार आवाज़ है,जो एक्शन से भरपूर सवारी के लिए माहौल तैयार करती है। अपने आकर्षक दृश्यों और गहन कहानी के साथ, टीज़र ने फ़िल्म के लिए उम्मीदें बढ़ा दी हैं।टीजर में गौतम की भूमिका में अश्विन बाबू को शक्तिशाली और रहस्यमयी उपस्थिति के साथ दिखाया गया है। उनकी बॉडी लैंग्वेज और एक्शन टाइमिंग रोमांचकारी है, और भावनात्मक तीव्रता कहानी की गहराई को दर्शाती है। टीजर में एक्शन सीक्वेंस भी उल्लेखनीय हैं, जो कुछ नया और रोमांचक साझा करते हैं। निर्देशक ममीडाला एम.आर. कृष्णा एक नियमित एक्शन एंटरटेनर के बजाय स्क्रीन पर एक नई अवधारणा लेकर आ रहे हैं।टीजर में फिल्म के तकनीकी मानक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं, जिसमें एम.एन. बाल रेड्डी की सिनेमैटोग्राफी और गौरा हरि का बैकग्राउंड म्यूजिक इसकी तीव्रता को और बढ़ा रहा है। फिल्म के प्रोडक्शन वैल्यू स्पष्ट रूप से उच्च हैं, जिसमें एक आकर्षक कहानी और रोमांचकारी एक्शन सीक्वेंस बनाने के लिए बहुत प्रयास किया गया है। संगीत सनसनी एसएस थमन और हिट निर्देशक शैलेश कोलानू ने टीजर लॉन्च किया, जिसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।फिल्म की कहानी और किरदार आशाजनक लग रहे हैं, और दर्शक बेसब्री से इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अपनी अनूठी अवधारणा और उच्च उत्पादन मूल्यों के साथ, वचिनवदु गौतम एक दिलचस्प फिल्म बन रही है।






# क्या रजनीकांत अभिनीत फिल्म का पहला सिंगल 25 जून को आएगा

रजनीकांत की मुख्य भूमिका वाली कुली 14 अगस्त, 2025 को रिलीज़ होने वाली है। लोकेश कनगराज निर्देशित यह फिल्म रिलीज़ के करीब पहुँच रही है, इसलिए निर्माता कई अपडेट देने की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, सन पिक्चर्स ने एक अपडेट की घोषणा की जो 23 जून, 2025 को शाम 6 बजे आएगा। नोट साझा करते हुए, निर्माताओं ने लिखा, साउंड आह येथु, जिसका अर्थ है कि यह अपडेट फ़िल्म के पहले सिंगल पर होगा। प्रोडक्शन हाउस द्वारा अपडेट के बाद, रजनीकांत के पीआर मैनेजर, रियाज़ के. अहमद ने 24 जून और 25 जून, 2025 को अपडेट के लिए रोलआउट शेड्यूल का खुलासा किया। प्रमुख विवरण अभी भी स्पष्ट होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, हम 23 जून को सिंगल के लिए एक पोस्टर या प्रोमो की उम्मीद कर सकते हैं।

# सोनाक्षी सिन्हा का जब भूत से हुआ सामना



सोनाक्षी सिन्हा बॉलीवुड की दबंग गर्ल के नाम से मशहूर हैं। एक्ट्रेस ने 15 साल पहले बॉलीवुड डेब्यू किया था और इस बीच कई शानदार फिल्मों में नजर आईं। सोनाक्षी अपने करियर के साथ ही निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रही हैं। खासतौर पर जहीर इकबाल के साथ अपनी शादी को लेकर उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं। अब सोनाक्षी अपने एक खुलासे को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में अपने साथ हुई एक डरावनी घटना का जिक्र किया। हैरानी की बात तो ये है कि सोनाक्षी के साथ यह घटना उनके अपने ही घर में हुई, जहां उन्हें एक रहस्यमयी अनुभव ने चौंका दिया। अपनी नई पैरानॉर्मल थ्रिलर फिल्म निकिता रॉय के प्रमोशन के दौरान सोनाक्षी ने बताया कि पहले उन्हें भूत-प्रेत पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं था, लेकिन एक रात उनके साथ कुछ ऐसा हुआ, जिसने उनके विश्वास को बुरी तरह हिलाकर रख दिया। एक्ट्रेस के साथ ये घटना सुबह के करीब 4 बजे हुई, जब वह अपने कमरे में सोई हुई थीं। इस दौरान उन्हें अपने कमरे में किसी की मौजूदगी का एहसास हुआ। बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में सोनाक्षी ने अपने साथ हुई डरावनी घटना के बारे में बताया।

उन्होंने कहा-मैं सुबह 4 बजे सो रही थी, उस समय मैं नींद और जागने के बीच की अवस्था में थी। अचानक मुझे लगा जैसे कोई मुझे जगा रहा है। मुझे अपने शरीर पर एक अजीब सा दबाव महसूस हुआ, जैसे कोई मेरे ऊपर बैठा हो। मैं डर के मारे जम गई। मैंने अपनी आंखें नहीं खोलीं और हिल भी नहीं सकी।अभिनेत्री ने बताया कि वह सुबह तक उसी अवस्था में रही और जब तक कमरे में रोशनी नहीं आई, तब तक उन्होंने अपनी आंखें नहीं खोलीं। इस घटना ने उन्हें इतना डरा दिया कि वह अपनी धारणा पर सवाल उठाने लगीं। हालांकि, इसके बाद और कुछ नहीं हुआ, जिससे उन्हें लगे कि शायद ये कोई हार्मलेस भूत था।इस डरावने अनुभव के बाद सोनाक्षी ने अगली रात हिम्मत जुटाई और उससे बात करने का फैसला किया। वह अपने घर वापस लौटीं और ऊंची आवाज में कहा, कल रात जो भी आया था, कृपया ऐसा दोबारा न करें। हैरानी की बात यह है कि इसके बाद उन्हें ऐसा अनुभव फिर कभी नहीं हुआ। सोनाक्षी ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, हो सकता है कि उस भूत ने मेरी बात सुन ली हो। हो सकता है कि वह कोई नुकसान ना पहुंचाने वाला भूत था।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**रायपुर,23 जून 2025(ए)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में भारत के प्रथम उद्योग मंत्री, महान शिक्षाविद् और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में डॉ. मुखर्जी के अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।

### नेता ने कार से साइकिल सवार बुज़ुर्ग को मारी ठोकर,हुई मौत



**बालोद,23 जून 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। नेशनल हाईवे पर भाजपा नेता की कार ने एक साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाजपा नेता गंभीर रूप से घायल है। वहीं हादसे के बाद अस्पताल के बाहर दल्लीराजहरा और बालोद के नेताओं की भीड़ लग गई। यह मामला बालोद थाना क्षेत्र का है।

### भूपेश बघेल ने रायपुर में राजनीतिक बैठक में महंत से भी कहा-नेता प्रतिपक्ष मुखर हों...

**रायपुर,23 जून 2025(ए)।** भूपेश बघेल ने भी अनुशासनहीनता पर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही कहा जा रहा है कि उन्होंने चरणदास महंत से पूछा कि आप मुख्यमंत्री पर हमला करने से क्यों बचते हैं? उन्होंने कहा, आप विपक्ष के नेता हैं और विपक्ष के नेता को सरकार के खिलाफ बोलना चाहिए।

### कार शिवनाथ नदी में जा गिरी,एक की मौत



**बेमेतरा,23 जून 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर-जबलपुर पर स्थित शिवनाथ नदी पुल से कार अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। इस हादसे में कार में सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही सिमगा थाना पुलिस और बेमेतरा पुलिस मौके पर पहुंची,जिसके बाद क्रेन के माध्यम से कार को नदी से बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान-अमित बघेल,जबलपुर गौरीघाट (मध्यप्रदेश) निवासी के रूप में हुई है। अमित बघेल बेमेतरा बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत था। आज सुबह 8 बजे वह कार से राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर गुजर रहा था। इसी दौरान पुल के पास उसकी कार अनियंत्रित हुई और नदी में गिर गई। फिलहाल घटना कैसे हुई और युवक की पहचान का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर के जवानों का बढ़ाया हौसला

» नक्सल विरोधी अभियान की सराहना

» मानसून में भी ऑपरेशन तेज करने पर चर्चा...




**रायपुर,23 जून 2025(ए)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 23 जून को अपने छत्तीसगढ़ दौरे के दूसरे दिन रायपुर के होटल मेयफेयर में बस्तर संभाग के सुरक्षा बलों के जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नक्सल विरोधी अभियानों में मिली बड़ी सफलताओं के लिए जवानों को बधाई दी और बरसात के मौसम में भी जंगल की चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों में अभियान को तेज करने की रणनीति पर चर्चा की। बस्तर संभाग से करीब 100 जवान इस मुलाकात के लिए रायपुर पहुंचे थे,जिनमें उन कमांडर्स और जवानों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने नक्सल संगठनों के शीर्ष नेतृत्व को ढेर किया था।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,गृहमंत्री विजय शर्मा, बस्तर रेंज के आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय और बस्तर संभाग के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। गृहमंत्री का मूल कार्यक्रम नारायणपुर में जवानों से मिलने का था, लेकिन खराब मौसम के कारण यह दौरा रद्द कर दिया गया। इसके बजाय,उन्होंने रायपुर में ही सुरक्षा बलों के कमांडर्स और जवानों के साथ संवाद किया। शाह ने जवानों की बहादुरी और समर्पण की तारीफ करते हुए कहा, आपके साहस और निष्ठा से बस्तर में नक्सलवाद का खात्मा जल्द होगा। मानसून की चुनौतियों के बावजूद आपका अभियान रुकना नहीं चाहिए।

#### नक्सल प्रभावित बच्चों से मुलाकात

गृहमंत्री ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से आए बच्चों और युवाओं से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की 'लियोर ओयना' योजना की सराहना की, जिसके तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा,जिन मासूम बच्चों के हाथों में नक्सलियों ने कभी बंदूकें थमाई थीं, आज उनके हाथों में किताबें देकर उनका भविष्य संवारा जा रहा है। 'लियोर ओयना' योजना के तहत बीजापुर के उसूर और गंगालूर के युवाओं से मिलकर मन आनंदित हुआ। उन्होंने कहा कि इन बच्चों का आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति उत्साह नक्सलवाद के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है।

#### मानसून में अभियान की रणनीति

गृहमंत्री ने जवानों के साथ जंगल में मानसून के दौरान होने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बरसात में नक्सलियों के ठिकानों तक पहुंचने, खुफिया तंत्र को मजबूत करने और आपसी समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बस्तर में शांति और विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने सुरक्षा बलों को हरसंभव संसाधन और समर्थन का भरोसा दिलाया।

#### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने फोर्स कमांडरों और कमांडो के साथ की बातचीत

अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सल विरोधी अभियान में लगे फोर्स कमांडरों और कमांडो से विशेष मुलाकात की। इस बातचीत में उन्होंने ऑपरेशनल रणनीति, जमीनी चुनौतियों और सुरक्षा बलों की ज़रूरतों के बारे में विस्तृत जानकारी ली और उनकी वीरता व समर्पण की प्रशंसा की।

# सचिन पायलट का हमला,कहा...केवल भाषणों से नहीं...जमीन पर दिखे असर...



**रायपुर,23 जून 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने एक बार फिर केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को निशाने पर लिया है। दो दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे पायलट ने कहा कि केवल मंच से भाषण देने से प्रदेश की समस्याएं हल नहीं होंगी, इसके लिए जमीनी स्तर पर ठोस काम की जरूरत है।

रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए पायलट ने नक्सलवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर केंद्र सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि हमें किसी भी प्रकार की हिंसा के खिलाफ स्पष्ट और ठोस कदम उठाने होंगे। लेकिन यह कदम केवल राजनीति के लिए न हों, इनका असर ज़मीन पर दिखना चाहिए और जनता को उसका लाभ मिलना चाहिए। केवल भाषणों से माहौल नहीं बदलता, जमीनी कार्रवाई जरूरी है।

#### संगठन को मजबूत करने में जुटी कांग्रेस

पायलट का यह दौरा केवल बयानबाज़ी तक सीमित नहीं है, बल्कि कांग्रेस संगठन को अगले चुनावों के लिए तैयार करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। हाईकमान के निर्देश पर पायलट प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए मैराथन बैठकें कर रहे हैं।

आज दिनभर राजीव भवन में पायलट का शेड्यूल पूरी तरह मीटिंग्स से भरा हुआ था। पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष,कार्यकारिणी सदस्य और विभिन्न प्रमुखों से फीडबैक लिया जाएगा। इस दौरान आने वाले विधानसभा सत्र को लेकर भी रणनीति तैयार होगी।

#### मानसून सत्र में बनाएंगे सरकार को घेरने की योजना

पायलट ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है और केंद्र का हस्तक्षेप बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में सरकार से इन तमाम मुद्दों पर कड़ी जवाबदेही ली जाएगी। सरकार को जनता के मुद्दों पर जवाब देना होगा। हमारा प्रयास रहेगा कि विपक्ष की आवाज सदन में मजबूती से गूंजे।

#### लगातार दो दिन तक बैठकें, फोकस बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करना

पायलट ने कहा कि कांग्रेस अभी से संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय कर रही है। अगले दो दिन प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक लगातार बैठकें होंगी। कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# राशन दुकानदार 24 जून से जाएंगे प्रदेशव्यापी हड़ताल पर

» कमीशन एवं क्षति की राशि बढ़ाने की मांग शासन से

» ईपाश मशीन के खराब होने से दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं में मारपीट

» 13 हजार राशन दुकानें 81 लाख उपभोक्ता



**रायपुर,23 जून 2025 (ए)।** शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ ने 24 जून से प्रदेशव्यापी हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। संघ ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि व्यवस्था नहीं सुधरी को अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। शासकीय दुकानदार संघ के महासचिव विजय कुमार घृतलहरे ने बताया कि छग राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजनाओं को लागू किया गया है जिसमें मध्याह्न भोजन रिफाईनरी अमृत नमक शक्कर गुड चना, मिट्टी तेल तथा चावल का वितरण दुकानदारों के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने बताया कि हम 20 वर्ष से बहुत कम कमीशन में चावल वितरण कर रहे हैं। चावल में 20 क्विंटल तथा अन्य में भी कमीशन कम दिया जाता है। शक्कर में पांच रुपये प्रति क्विंटल दिया जाता है सरकार द्वारा कमीशन का निर्धारण नहीं किया गया है इसे बढ़ाया जाए। राशन कल्याण संघ ने खाद्य मंत्री को भी एक ज्ञापन दिया है। महासचिव विजय कुमार ने बताया कि राज्य में इस समय गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले को यूनिट के आधार पर 105 किलो 106 किलो 150 किलो चावल दिया जा रहा है लेकिन ई पाश मशीन की गड़बड़ी के कारण उपभोक्ता एंव दुकानदारों में मारपीट हो रही है जिसके कारण दुकानदार असुरक्षित है। पूरे प्रदेश में 13 हजार 9 सौ राशन दुकान है तथा 81 लाख राशन उपभोक्ता है। राशन दुकान भंडार में क्षति होती है महासचिव के अनुसार दुकानदारों को भी एक प्रतिशत हैंडलिंग क्षति दी जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि दुकानदार 24 से प्रदेशव्यापी हड़ताल पर जाएंगे। तथा दुकान बंद रखेंगे। महासचिव के अनुसार यदि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जा सकते है अध्यक्ष देवेश भाई तापडिया ने बताया कि राष्ट्रीय फेडरेशन ने पूरे हड़ताल को संज्ञान में लिया है तथा दुकानदारों ने सहयोग की अपील की है। ज्ञात रहे इन दिनों राशन दुकान में तीन माह का चावल इस साल दिया जा रहा है जिसके कारण दुकानों में भारी भीड़ लगी है। ई पाश मशीन की ग्रेडिंग नहीं होने से उपभोक्ताओं एवं दुकानदारों परेशानी हो रही है। इस हड़ताल से उपभोक्ताओं को परेशानी बढने की संभावना है

# छत्तीसगढ़ में महिलाओं को अकेले नहीं घूमना चाहिए

**अमेरिकी एडवाइजरी पर बोले सिंहदेव-अमृत काल का यही सच**



**रायपुर,23 जून 2025(ए)।** यूएस ने एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा है कि भारत में महिलाओं को अकेले नहीं घूमना चाहिए। इसमें कुछ राज्यों का जिक्र है, जिसमें छत्तीसगढ़ का भी नाम है। इसे लेकर सियासी पारा गरम है। छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने एक बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अमरीका की एक यात्रा सलाह के बारे में पूछा है। इस सलाह में अमरीकी नागरिकों, खासकर महिलाओं को भारत में अकेले यात्रा करने के खिलाफ चेतावनी दी गई है। इसमें छत्तीसगढ़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जाने से भी बचने को कहा गया है। सिंह देव ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार दोनों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए एक शर्मनाक स्थिति है। टीएस सिंह देव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अमरीकी सरकार ने साफ कहा है कि महिलाओं को भारत में, खासकर छत्तीसगढ़ में अकेले नहीं घूमना चाहिए। क्यों? क्योंकि यहां बलात्कार, हिंसा और आतंकवाद बेकाबू हैं। उन्होंने कहा, यह भारत के लिए एक गंभीर वैश्विक शर्मिंदगी है। यह केंद्र में मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार के तहत कानून और व्यवस्था की स्थिति पर एक धब्बा है। सिंह देव ने बेटी बचाओ' अभियान को सिर्फ एक नारा और पोस्टर तक सीमित बताया। उन्होंने कहा कि यह दोनों सरकारों की सामूहिक विफलता है, जिसने अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को खराब कर दिया है।

# सूटकेस में सीमेंट से भरी टीन की पेटी में मिली युवक की लाश,पुलिस जांच में जुटी




**रायपुर,23 जून 2025(ए)।** राजधानी रायपुर के डीडी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में 23 जून के शाम को एक सनसनीखेज हत्याकांड ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया। एक सुनसान इलाके में सूटकेस के अंदर सीमेंट से भरे टीन की पेटी में युवक का शव मिलने से इलाके में दहशत फैल गई। डीडी नगर थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# राशन का इंतजार कर रहे लोगों ने अपना धैर्य खो दिया



**गरियाबंद,23 जून 2025(ए)।** गरियाबंद के वॉर्ड क्रमांक 3 की राशन दुकान में रविवार सुबह भगदड़ मच गई। शासन ने मानसून को देखते हुए 3 महीने का राशन एक साथ देने के निर्देश दिए हैं। इसी कारण सुबह से ही हितग्राहियों की लंबी कतार लग गई थी। लेकिन वितरण के लिए लगाए गए नए मशीनी सिस्टम ने काम करना बंद कर दिया। घंटों इंतजार के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज हितग्राहियों ने नारेबाजी शुरू कर दी। सेल्समैन ने पहले से ही गेट बंद कर रखा था। भीड़ दरवाजा तोड़कर राशन दुकान की ओर दौड़ पड़ी। लोग ऐसे दौड़े जैसे कोई बड़ा हादसा हो गया हो। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। राशन जल्दी पाने की होड़ में लोगों में धक्का-मुक्की हो गई। इस अफरा-तफरी में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे जमीन पर गिर पड़े, उन्हें चोटें आई है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन को मदद के लिए बुलाना पड़ा। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत किया।




### सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ले लिए 50 लाख रूपये और थमा दिया फर्जी नियुक्ति-पत्र

**बिलासपुर,23 जून 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में युवाओं को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के दर्जनों मामले उजागर होने के बाद भी युवा ऐसे गिरोह के जाल में फंस रहे हैं। ऐसा ही एक मामले बिलासपुर में उजागर हुआ है, जहां सरकारी नौकरी का सपना दिखाकर एक युवती और उसके पांच परिचितों से 50 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़िता मोनिषा सिंह की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी रजत गुप्ता और प्रिया देशमुख के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अब छत्तीसगढ़ में भी सुनाई देगी सफेद बाघ की दहाड़

**ग्वालियर से आएगा जोड़ा,यहां प्रजनन के बाद संख्या में होगी बढ़ोतरी**



**बिलासपुर,23 जून 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित राजीव गांधी प्राणी उद्यान से एक दुर्लभ सफेद बाघ को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी जियोलॉजिकल पार्क भेजा जायेगा। इसके बदले ग्वालियर चिड़ियाघर में देसी भालू, मादा लोमडियाँ और चौसिंघा हिरण लिए जाएंगे। यह अदान-प्रदान एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य विलुप्तप्राय प्रजातियों का संरक्षण और प्रजनन को बढ़ावा देना है।

भारत के चिड़ियाघरों में यह एक विशेष व्यवस्था है,जिसके तहत अलग-अलग चिडियाघरों के बीच जानवरों का आदान-प्रदान किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रजातियों की आनुवंशिक विविधता बनाये रखना और उनकी संख्या बढ़ाना है। जिस चिड़ियाघर में किसी जानवर की संख्या अधिक होती है,उसे दूसरे चिड़ियाघर में भेजा जाता है।

#### एक्सचेंज की क्या है व्यवस्था

राजीव गांधी प्राणी उद्यान के क्यूरेटर डॉ. गौरव परिहार के अनुसार,ग्वालियर चिड़ियाघर में बाघों की संख्या अधिक है। साल 2011 से 2022 तक यहां 22 बाघों का जन्म हुआ, जिन्हें देशभर के विभिन्न चिड़ियाघरों में भेजा गया। अभी भी यहां बाघों की संख्या संतुलन से अधिक है, इसलिए एक दो साल के सफेद बाघ के शावक को छत्तीसगढ़ भेजा जा रहा है।

सफेद बाघ देने के बदले में ग्वालियर को मिलेगा देसी भालू, मादा लोमड़ियाँ (ग्वालियर में पहले से नर लोमड़ी मौजूद हैं, इसलिए प्रजनन के लिये मादायें लाई जा रही हैं) चौसिंघा हिरण (यह बारहसिंघा की एक प्रजाति है।

#### दोनों जगह होगा फायदा

सफेद बाघ दुर्लभ और आकर्षक प्रजाति मानी जाती है,जो पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होती है। ग्वालियर चिड़ियाघर का यह सफेद बाघ लंबे समय से यहाँ की शान रहा है,लेकिन अब इसे छत्तीसगढ़ भेजकर नये मेहमानों के लिये जगह बनाई जा रही है।

इस एक्सचेंज प्रोग्राम से दोनों चिड़ियाघरों को फायदा होगा और जानवरों की प्रजातियों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा।

# मुर्गियों से भरा वाहन पलटा

### घायल ड्राइवर को बचाना छोड़ मुर्गियां लूटकर भगने लगे लोग



**बेमेतरा,23 जून 2025(ए)।** अक्सर आपने देखा होगा कि सड़क पर वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से अनाज या पेट्रोल-डीजल लूटने की होड़ मच जाती है। मगर इस बार मामला कुछ अनोखा सामने आया है. छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में मुर्गियों से भरा वाहन पलट गया। वाहन पलटने पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और लोग मुर्गियां लूटने लगे। जानकारी के अनुसार दुर्ग सम्भाग के बेमेतरा जिले में तीन दिन पहले दोपहर 3 बजे के बाद एक मुर्गी से भरा हुआ वाहन सड़क किनारे पलट गया। वाहन पलटते ही लोग पहुंच गए और घायल ड्राइवर को बचाने के बजाय मूर्गियां लूटने लगे। इस दौरान लोग वाहन में भरे हजारों मुर्गी लूट ले गए। पूरा मामला नांदघाट थाना क्षेत्र के ग्राम टेमरी गांव का है। पुलिस ने बताया कि बेमेतरा जिले के नांदघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम टेमरी के पास मुर्गियों से भरा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया. जिसके बाद मुर्गी लूटने वाले की होड़ लग गई. लोग मुर्गी लूटने में इतने व्यस्त हो गए कि घायल ड्राइवर की मदद भी नहीं की। सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा हजारों मूर्गियां लूटी गई। फिलहाल मामले में अभी वाहन चालक की तरफ से थाने में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। अगर वाहन चालक द्वारा शिकायत दर्ज कराई जाएगी तो जांच की जाएगी। मामले में वाहन चालक का कहना है कि वह मुर्गियां लेकर एक फर्म में जा रहा था। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित हो गया और पलट गया। इस दौरान ग्रामीण मुर्गियां लूट ले गए। आपको बता दें कि मूर्गियों को लूटने की इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)